• जयपुर, गुरुवार, 29 अगस्त 24 • वर्ष 14 • अंक 114 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित...

पेज @4 कांग्रेसी खुद लड़ते है समाज को लड़ाते है: मदन राठौड़...

पेज @8 » सभी टोल्स पर फास्टैग चालू करें, रेट बोर्ड लगायें: उपमुख्यमंत्री...

न्यूज अपडेट

यूपी में नई सोशल मीडिया पॉलिसी को मिली मंजूरी, अभद्र, अश्लील और राष्ट्र विरोधी कंटेंट पर होगी रोक

लखनऊ/एजेंसी। उत्तर प्रदेश सरकार ने नई सोशल मीडिया पॉलिसी को मंजूरी दी है। इस संबंध में नीति लाने के लिए विभाग लंबे समय से प्रयासरत था। सरकार ने कहा है कि सोशल मीडिया पोस्ट किया गया कंटेंट अभद्र, अश्लील और राष्ट्र विरोधी नहीं होना चाहिए।

सरकार द्वारा जारी की गई नीति के अनुसार, सूचीबद्ध होने के लिए एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब में से प्रत्येक को सब्सक्राइबर व फॉलोअर्स के आधार पर चार श्रेणियों में बांटा गया है। एक्स, फेसबुक व इंस्टाग्राम के अकाउंट होल्डर, संचालक, इन्फ्लूएंसर (प्रभाव रखने वाले) को भुगतान के लिए श्रेणीवार अधिकतम सीमा क्रमशः 5 लाख, 4 लाख, 3 लाख और 3 लाख रुपये प्रतिमाह निर्धारित की गई है।

यूट्यूब पर वीडियो, शॉर्ट्स, पॉडकास्ट भुगतान के लिए श्रेणीवार अधिकतम सीमा क्रमशः 8 लाख, 7 लाख, 6 लाख और 4 लाख प्रतिमाह निर्धारित की गई है। योगी सरकार अपनी जनकल्याणकारी, लाभकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए यह नीति लेकर आई है।

जिन्ना की तरह ही समाज को बांटने का कार्य कर रही है कांग्रेस-सपा - सीएम योगी

अलीगढ़/एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के लोगों के अंदर जिन्ना की आत्मा घुस गई है। उन्होंने कहा कि जिन्ना ने देश का विभाजन करने का पाप किया था, इसलिए वह अंतिम समय में घुट-घुट कर मरे थे। समाज को बांटकर यही पाप कांग्रेस और सपा कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को अलीगढ़ में जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला को संबोधित किया। साथ ही युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया और विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जब देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, तब विपक्ष के लोग समाज को तोडने का काम कर रहे हैं। साल 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद से देश नई बुलंदियों की तरफ आगे बढ़ रहा है। दूसरी तरफ समूचा विपक्ष समाज में जाति का विष घोल कर अराजकता फैलाने का कार्य कर रहा है।

बंगाल में राष्ट्रपति शासन की आहट

कोलकाता रेप-मर्डर केस पर राष्ट्रपति मुर्मू का सख्त बयान, बोलीं- बस अब बहुत हो गया

कोलकाता/एजेंसी।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में महिला डॉक्टर से रेप और बेरहमी से हत्या के मामले में लगातार विरोध और प्रदर्शन हो रहा है। वहीं, अब इस मामले में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी कड़ा बयान दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि वह इस घटना से निराश और भयभीत हैं। राष्ट्रपति ने मामले पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि बस अब बहुत हो गया। उन्होंने कहा कि वह महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर व्यथित हैं। राजनीतिक जानकारों के अनुसार अब बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है

ट्रेनी महिला डाक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद कोलकाता में रोष प्रदर्शन किए जा रहे है। इसी बीच बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने भी बंगाल बंद का ऐलान किया है। भाजपा के बंगाल बंद का प्रदेश में असर भी देखने को

मिल रहा है। भाजपा समर्थकों ने हावड़ा व सियालदह मंडल सहित कई जगहों पर ट्रेन सेवा को बाधित कर दिया। विभिन्न स्टेशनों पर बंद समर्थक ट्रेन के सामने खड़े होकर प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे दूरगामी ट्रेन सेवा भी प्रभावित हुई है। बंद के दौरान बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ताओं के भिडने की खबरें भी सामने आ रही हैं। इसी बीच भाटपाड़ा में भारतीय जनता पार्टी के नेता पर फायरिंग हुई है। भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने आरोप लगाया कि भाटपाड़ा में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे की कार पर 6 राउंड फायरिंग की गई है।

कोलकाता महिला डॉक्टर से रेप के मामले में बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बड़ा बयान सामने आया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वह भयभीत हैं, कोई सभ्य समाज अपनी बेटियों और बहनों के साथ ऐसी अत्याचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकता। मैं

घटना को लेकर निराश और डरी हुई हूं। इसके साथ ही राष्ट्रपति ने निर्भया कांड का भी जिक्र किया। मुर्मू ने कहा- बस अब बहुत हो गया। कोई भी सभ्य समाज अपनी बेटियों और बहनों पर इस तरह की अत्याचारों की इजाजत नहीं दे सकता। जब छात्र, डॉक्टर और नागरिक कोलकाता में विरोध कर रहे थे, तो दूसरी जगहों पर अपराधी सक्रिय थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आगे कहा कि समाज को ईमानदारी, निष्पक्षता के साथ आत्म-विश्लेषण करने की आवश्यकता है। लोगों को खुद से कुछ कठिन सवाल पूछने होंगे। बहुत बार एक निंदनीय मानसिकता महिलाओं को एक कमजोर, कम सक्षम, कम बुद्धिमान इंसान के रूप में देखती है। आपको बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि जो समाज अपने इतिहास का सामना करने से डरते हैं, वे सामूहिक भूलने का सहारा लेते हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां कोलकाता में छात्र, डॉक्टर और नागरिक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, वहीं दूसरी तरफ अपराधी बेखौफ होकर घूम रहे हैं।

महिलाओं और युवाओं को सम्मान देने में सर्वोपरि रही प्रधानमंत्री जनधन योजना : पीएम मोदी

नई दिल्ली/एजेंसी।

प्रधानमंत्री जनधन योजना के शुभारंभ के 10 साल पूरे हो गए हैं। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री जनधन योजना की 10वीं वर्षगांठ पूरे होने पर खुशी जाहिर की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर किया और लाभार्थियों को बधाई दी।

पीएम मोदी ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, आज हम एक महत्वपूर्ण अवसर मना रहे हैं। जनधन योजना के 10 साल पूरे हुए। सभी लाभार्थियों को बधाई और इस योजना को सफल बनाने के लिए काम करने वाले सभी लोगों को बधाई। जन धन योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर पड़े समुदायों को सम्मान देने में सर्वोपरि रही है।

इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को प्रधानमंत्री जनधन योजना के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि पिछले 10 वर्षों में गरीबों के लिए 53.13 करोड़ जन धन खाते खोले गए हैं। इनमें 2.3 लाख करोड़ रुपये जमा हैं।

सीतारमण ने कहा, हमारा लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के दौरान तीन करोड़ से अधिक पीएमजेडीवाई खाते खोलना है।

उन्होंने कहा कि पीएमजेडीवाई दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। मार्च 2015 में प्रति खाते में औसत बैंक बैलेंस 1,065 रुपये था, जो अब बढ×कर 4,352 रुपये हो गया है। करीब 80 फीसदी खाते सक्रिय हैं। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में 66.6 फीसदी जनधन खाते खोले गए हैं, इनमें से 29.56 करोड़ (55.6 फीसद) महिला खाताधारकों के हैं। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के 10 साल पूरे हो गए हैं। सरकार ने 28 अगस्त 2014 को इस योजना की शुरुआत की थी। जनधन योजना के जरिए सरकार देश के गरीब, वंचित तबके को बैंकिंग सिस्टम से जोडने में कामयाब रही है। इसके साथ साथ ही डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर यानी डीबीटी के माध्यम से सोशल सिक्योरिटी स्कीम्स का भी फायदा सीधे लाभार्थियों तक इसके जरिए पहुंचाया जा रहा है।

गुजरात में बाढ़ की स्थिति पर पीएम मोदी ने सीएम भूपेंद्र पटेल से की बात, मदद का दिया भरोसा

गांधीनगर/एजेंसी। गुजरात में भारी बारिश के बाद पूरे प्रदेश में हुए जलभराव की वजह से हालात अस्त-व्यस्त हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से बातचीत की और राज्य में बाढ़ के हालात पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों के लिए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से दी। उन्होंने लिखा, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गुजरात में भारी बारिश की स्थिति के संबंध में मुझसे टेलीफोन पर बातचीत की और राहत और बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नागरिकों के जीवन और पशुधन की सुरक्षा पर मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही, गुजरात को केंद्र सरकार की ओर से सभी आवश्यक समर्थन और सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।

दिल्ली में चंपई सोरेन की जासूसी करते पकड़े गए झारखंड पुलिस के दो दारोगा, असम सीएम का बड़ा खुलासा

रांची/एजेंसी। झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन की जासूसी के आरोप में झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच के दो सब इंस्पेक्टर को मंगलवार की शाम दिल्ली के ताज होटल में पकड़ा गया। इन दोनों को दिल्ली के चाणक्यपुरी थाने की पुलिस को सौंपा गया है। उनके खिलाफ चंपई सोरेन ने एफआईआर भी दर्ज कराई है। इस बात का खुलासा असम के सीएम और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को गुवाहाटी में एक प्रेस कांफ्रेंस में किया।

हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया को बताया कि इन दोनों सब इंस्पेक्टर ने स्वीकार किया है उन्हें संवैधानिक पद पर बैठे एक व्यक्ति ने जासूसी का टास्क सौंपा था। चंपई सोरेन की एक-एक गतिविधि की रेकी करने की ड्यूटी में उन्हें झारखंड पुलिस के आईजी प्रभात कुमार ने लगाया था। सरमा ने इसे प्राइवेसी पर हमले का बेहद गंभीर मामला बताते हुए इसकी जांच की मांग की है।

सरमा के मुताबिक, झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच के ये दोनों सब इंस्पेक्टर बीते 18 अगस्त को भी चंपई सोरेन को फॉलो कर रहे थे, जब वे दिल्ली आए थे। इस बार 26 अगस्त को चंपई सोरेन जब कोलकाता से फ्लाइट के जरिए दिल्ली आए तो दोनों सब-इंस्पेक्टर भी उसी फ्लाइट पर सवार थे। इसके बाद होटल ताज में भी उन्होंने उसी फ्लोर पर कमरा लिया, जिस फ्लोर पर चंपई सोरेन, उनके पीएस और उनके करीबी लोग ठहरे थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम चंपई सोरेन के लोगों ने इन दोनों को तब पकड़ा, जब वे उनकी तस्वीरें खींच रहे थे। सरमा ने कहा कि इन दोनों के साथ एक महिला भी उनके कमरे में पहुंची थी। ऐसे में यह हनीट्रैप की कोशिश का भी मामला हो सकता है। दोनों सब इंस्पेक्टर को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया, जो इस मामले की जांच कर रही है।

सरमा ने कहा कि यह अत्यंत आपत्तिजनक बात है कि एक मुख्यमंत्री ही अपने मंत्री के पीछे जासूस लगा दे। उन्होंने आशंका जताई कि चंपई सोरेन का फोन भी टेप करवाया गया है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा की बात करने वाली कांग्रेस और झामुमो जैसी पार्टियां किस तरह संविधान का उल्लंघन कर प्राइवेसी पर हमला करने में जुटी हैं, इस घटना से स्पष्ट हो गया है। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है।

यूएस से हुई बड़ी डील, 73 हजार घातक बंदूकें खरीद रहा है भारत, दुश्मन करेंगे त्राहिमाम

नई दिल्ली/एजेंसी।

भारत ने अमेरिका के साथ 73,000 असॉल्ट राइफल्स की खरीद के लिए एक बड़ा समझौता किया है। यह डील पहले खरीदी गईं 72,400 राइफल्स के जखीरे में जोड़ी जाएगी। इन राइफल्स में 716 मॉडल शामिल हैं, जो 7.62-51 कैलिबर की होती हैं और 500 मीटर की मारक क्षमता रखती हैं। इस डील की कुल लागत 837 करोड़ रुपये के आसपास बताई जा रही है। यह खरीद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई वाली काउंसिल द्वारा दिसंबर 2023 में अनुमोदित की गई थी। यह निर्णय चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच लिया गया है। पिछले साल भारत ने अमेरिका से 72,400 राइफल्स खरीदी थीं, जिनमें से 66,400 थल सेना, 4,000 वायुसेना, और 2,000 नौसेना को वितरित की गई थीं। यह डील 647 करोड़ रुपये में हुई थी। इसके अलावा, भारतीय सेना 40,949 लाइट मशीन गन्स भी खरीद रही है, जिसमें अनुमानित खर्च 2,165 करोड़ रुपये होगा। 203 राइफल्स के उत्पादन में देरी के कारण भारत को 716 राइफल्स का आयात करना पड़ा। -203 राइफल्स, जिनकी रेंज 300 मीटर है, इस साल पहली बार 35,000 की संख्या में सेना को मिली थीं। इन राइफल्स का निर्माण उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित कोरवा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में हो रहा है, जहां 10 सालों में 6 लाख र्च-203 राइफल्स तैयार की जानी हैं। इस प्रोजेक्ट का ऐलान 2018 में किया गया था, लेकिन विभिन्न समस्याओं के कारण इसमें विलंब हुआ है।

देश में 12 नए औद्योगिक शहर बनेंगे, 10 लाख लोगों को मिलेंगी नौकरियां मोदी कैबिनेट में कई बड़े फैसलों पर मुहर

नई दिल्ली/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 12 इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी तैयार करने की मंजूरी दी गई है। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में उत्तर प्रदेश के आगरा और प्रयागराज, और बिहार के गया जिले को शामिल किया गया है। सरकार इस प्रोजेक्ट के लिए 28,602 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके माध्यम से 10 लाख लोगों को सीधे रोजगार मिलने की संभावना है।

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 9 राज्यों में 12 नए इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी बनाने की मंजूरी दी है। इस पर कुल 28,602 करोड़ रुपये का निवेश होगा। प्रस्तावित 12 इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी के माध्यम से 1.52 लाख करोड़ रुपये की निवेश संभावनाएं उत्पन्न होंगी। यह प्रोजेक्ट 9 राज्यों में फैले 6 प्रमुख गलियारों के साथ रणनीतिक रूप से नियोजित किया गया है, जिसे देश की विनिर्माण क्षमताओं और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ये औद्योगिक क्षेत्र निम्नलिखित शहरों में स्थित होंगे

पंजाबः राजपुरा-पटियाला
महाराष्ट्रः दिघी
उत्तराखंडः खुरपिया
केरलः पलक्कड़
उत्तर प्रदेशः आगरा और प्रयागराज
बिहारः गया
तेलंगानाः जहीराबाद
आंध्र प्रदेशः ओरवाकल और कोप्पर्थी
राजस्थानः जोधपुर-पाली

निजी एफ एम रेडियो के 734 चैनलों की नीलामी को मंजूरी

सरकार ने अलग अलग भाषाओं विशेष रूप से मातृ भाषा में कार्यक्रमों को बढावा देने के उद्देश्य से 234 शहरों में 730 निजी एफ एम चैनलों के लिए नीलामी की मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह मंजूरी निजी एफएम रेडियो के तीसरे चरण की नीति के तहत दी गयी है। इस चरण में 784.87 करोड़ रुपये के अनुमानित आरक्षित मूल्य की अधिकतम ई-नीलामी का संचालन करने का प्रस्ताव है।

भारतीय दर्शन और संस्कृति जैसी श्रेष्ठता कहीं नहीं

स्वामी विवेकानंद ने भारतीय दर्शन को दुनिया के देशों में प्रचारित किया। उन्होंने पूरे विश्व को यह संदेश देने का प्रयास किया कि भारतीय दर्शन और संस्कृति जैसी श्रेष्ठता कहीं नहीं है। हम पूरी पृथ्वी पर एक श्रेष्ठतम राष्ट्र हैं। हम सभी सभ्यताओं का स्वागत करते हैं। हम गहन तमस से भरे विश्व को मार्ग दिखा सकते हैं। हम सब भारत के लोग एक गौरवशाली संस्कृति के वाहक हैं। हमारा सामना विश्व की भोग विलास में लिप्त संस्कृतियां नहीं कर सकती। हम भारत के लोग बर्बर नही हैं। हम भिन्न भाषा–भाषी संस्कृतियों, बोलियों को आत्मसात करते हुए चलते हैं। भारत की संस्कृति में हमेशा उच्चतम विचारों को प्राथमिकता दी गयी है। हम किसी को मतान्तरित कर अपनी संख्या नहीं बढ़ाते। हम युद्ध के माध्यम से साम्राज्य का विस्तार करने वाली संस्कृति के पुत्र नहीं हैं। हम पूरी दुनिया को परिवार मानने वाले हैं।

हमारा राष्ट्र सृष्टि से जुड़े प्रश्नों पर काम करने वाला रहा है। जहां तक यह सृष्टि है, वह सब एक ही है। एक ही शक्ति है जो पूरे विश्व को चलाती है। वही शक्ति हमारे भीतर वही सबके अंतस में है। इसी को आदि शंकराचार्य अद्वैत कहते हैं। उसी शक्ति को श्रीकृष्ण परम शक्ति कहते हैं। ऋषियों ने भी देखा कि वह एक है, दो नहीं है। तब ही कहा कि ज्योर्तिएकम। हम फूलों को देखते हैं। अनंत रंग के फूल हजारों लाखों तरह के फूल, हजारों लाखों के तरह के जीव–जंतु भी देखते हैं। इसी तरह पहाड़ हैं। नदियां हैं, झरने हैं। पक्षियों के गीत हैं। प्रभात की अरुणिमा है। चंद्रमा में पूर्णिमा है। साथ ही अमावस्या है। अरबों नक्षत्र राशियां हैं। आकाश गंगा हैं। मेघ हैं। जल भरे मेघों के दृशय हैं। फिर बरसात है। उसमें नील कमल हैं। आनंदित प्रकृति में मनुष्य सहित सभी जीव हैं। पूरी दुनिया में हजारों नदियां हैं। महासागर हैं। लाल सागर, पीला सागर और न जाने कितने सागर है। हिमाच्छादित हिमालय है। इस सबमें वही चेतना है। वही ज्योति परम ज्योति, परम सत्ता, अखंड सत्ता विद्यमान दिखाई पड़ती है। बस आवशयकता है तो उसी परम दृष्टि की जिसे केन उपनिषद में कहा गया है कि उपासना करो। उन नेत्रों की नहीं जिनसे देखते हो। उस शक्ति की करो जिससे नेत्रों मे देखने की शक्ति है। ऊर्जा आती है। वह उपासना श्रेष्ठ है।

विवेकानंद के सपने भारत को पूरे विश्व में अनंत ऊंचाई वाला राष्ट्र बनाने की परिकल्पना है। और यह विवेकानंद का सपना कहेंगे तो लगता है कि थोड़ा कम है। वे कह रहे हैं कि हमारे भारत के महान ऋषियों की ओर से देखो– वे कैसे थे? वे क्या चाहते थे उन ऋषियों का सनातन राष्ट्र, आर्यावर्त, भारत, भरतजनों का राष्ट्र कैसा था? विवेकानंद भारत के ऋषि दृष्टाओं वाला भारत निर्मित करने के लिए अपने जीवन काल मे बिना रुके काम करते हैं। उसी में उन्हें विश्व मानवता के दर्शन हुए। कम समय में अधिकतम और उच्चतम विचार दृष्टि देने वाले हमारे आधुनिक ऋषि हैं विवेकानंद। स्वामी जी ने कठोपनिषद की ऋचा उत्तिष्ठित जागृत प्राप्य वरान्निबोधयत को अपना ध्येय वाक्य बनाया। वे कहते हैं उठो जागो और जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए रुको मत। यहां पर विवेकानंद कह रहे है उठो जागो। थोड़ा समझने की बात है। आप सोचेंगे कि हम जब उठ गए हैं मतलब जागे हैं तभी तो उठे है। मगर यहां उनका सूत्र है, कि उठ तो गए हो। दिन भर कुछ न कुछ करते हो। अपने लिए, मित्रों के लिए परिवार के लिए यह करने वह करना पर्याप्त नहीं है। वे कह रहे हैं उठो किस लिए, राष्ट्र के लिए, भारत के वैभव के लिए, करोड़ों भारतीयों के लिए ,वंचितों के लिए जिन्हें अपने होने का ज्ञान नहीं है। जिन्हें राष्ट्र समाज के इतिहास का पता नहीं है। जो अबोध है वे राष्ट्र के निमित्तों को नहीं जानते, उनके लिए उठ जाओ। फिर कह रहे हैं जागो ? यह और गहरी बात कहना चाह रहे हैं स्वामी जी। जागो ? कई बार आप जागे हैं मगर वह आपका जो जागरण है , वह थोड़ा कम मात्रा में है। अपने लिए लग रहा है। तो तुम जागो, भारतवासियों के लिए जागो। भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की संस्कृति, वैदिक संस्कृति, भरतजनों की संस्कृति से पूरे विश्व को सींच डालो। एक नई ऊर्जा से भर दो भारत को। और भारत ऊर्जावान होगा, शक्तिशाली होगा तो विश्व पर उसकी छाया पड़ना तय है।

भारत के समत्व, ममत्व के स्नेह से विश्व मानवता को पल्लवित–पोषित करो। मानवीय मूल्यों को उच्चतम बनाओ। भविष्य के धार्मिक आदर्शों को सम्पूर्ण जगत में जो कुछ भी सुन्दर और महत्वपूर्ण है, उन सबको समेटकर चलना पड़ेगा और साथ भाव विकास के लिए अनन्त क्षेत्र प्रदान करना पड़ेगा। अतीत में जो कुछ भी सुन्दर रहा है, उसे जीवित रखना होगा। साथ वर्तमान के भंडार को और समृद्ध बनाने के लिए भविष्य का विकास द्वार भी खुला रखना होगा। धर्म को ग्रहणशील होना चाहिए और ईश्वर संबंधी अपने आदर्शो में भिन्नता का कारण एक–दूसरे का तिरस्कार नहीं करना चाहिए। मैंने अपने जीवन में अनेक महापुरुषों को देखा है जो ईश्वर मे एकदम विश्वास नहीं करते थे। अर्थात हमारे और तुम्हारे ईश्वर में, किंतु वे लोग ईश्वर को हमारी अपेक्षा अधिक तरह समझते थे। ईश्वर संबंधी सभी सिद्धांत, सगुण निर्गुण अनंत नैतिक नियम अथवा आदर्श– मानव धर्म की परिभाषा के अंतर्गत आने चाहिए। और जब धर्म इतने उदार बन जाएंगे तब उनकी कल्याणकारी शक्ति सौ गुनी अधिक हो जाएगी। (स्वामी विवेकानंद साहित्य पुस्तक खंड दो पृष्ठ दो सौ) स्वामी जी यहां पर ईश्वर और धर्म विषयक जिस समझदारी की बात कर रहे हैं, वह अति गंभीर गहनतम है। साथ ही कह रहे है कि धर्म ग्रहणशील होना चाहिए। यह बात और भी उच्च मूल्यों को स्थापित करती है।

धर्म हमारा ग्रहणशील हो तभी बात बनेगी। तभी हमारे विचार मूल्यवान हो सकते हैं। गहराई में जा सकते है। छिछली बातें धर्म का प्राण तत्व नहीं होती है। जहाँ क्षमा ज्ञान, सहिष्णुता, उदारता का विज्ञान होता है। वहां धर्म घटित होता है। जब प्रत्येक मनुष्य के कल्याण के लिए ही कार्य करना ध्येय हो वही धर्म को आत्म सात कर सकता है। फिर वह मनुष्य चाहे जिस समाज–राष्ट्र का हो। यहां भी लगता है कि सामंजस्य बने तो साथ चला जा सकता है। और सभी को साथ लेकर चलने की संभावनाएं और नए द्वारों, मार्गो को खुला रखना ही जीवित समाज के लिए पथप्रदर्शक हो सकता है। विश्व में अधिकार ही सब कुछ नहीं हो सकता है। विश्व मानवता के लिए कार्य करना अधिक श्रेयष्कर प्रतीत होता है। हमें देखना चाहिए कि ज्ञान का अर्थ मात्र साहित्य नहीं है। साहित्य मात्र से कुछ होने वाला नहीं है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी का देशविरोधी घोषणा पत्र

डॉ. आशीष वशिष्ठ

जम्मू–कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद पहली बार इस केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव करीब एक दशक के बाद होने जा रहे हैं। साल 2019 में केंद्र सरकार ने विशेष दर्जा खत्म कर जम्मू–कश्मीर को दो अलग–अलग केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया था। लद्दाख को भी अलग केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया। जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे। जम्मू–कश्मीर में बीते दो दशकों में इस बार का चुनाव सबसे कम समय में कराया जा रहा है। जम्मू–कश्मीर में विधानसभा के आखिरी चुनाव साल 2014 में हुए थे। साल 2018 में भाजपा और पीडीपी के गठबंधन वाली सरकार गिर गई थी। उस वक्त आपसी मतभेद के चलते भाजपा ने पीडीपी से अपना समर्थन वापस ले लिया था। सरकार गिरने के बाद जम्मू–कश्मीर करीब छह साल तक केंद्र सरकार के शासन में रहा।

जम्मू–कश्मीर चुनाव के मद्देनजर नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अपने घोषणा–पत्र जारी किए हैं, जो बुनियादी तौर पर भारत–विरोधी लगते हैं। मोदी सरकार ने ऐतिहासिक पहल की और 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35–ए को निरस्त करने का बिल संसद से पारित करा दिया। अब 2024 में विधानसभा चुनाव की घोषणा की गई है, तो पुराने मुद्दों को नए संदर्भों में उठाया जा रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अनुच्छेद 370, 35–ए की बहाली का आश्वासन दिया है। जम्मू–कश्मीर के 'अलग झंडे' की बात कही गई है। ऐसा है, तो आने वाली विधानसभा में 'अलग संविधान' का प्रस्ताव भी पारित किया जा सकता है। इसके लिए दलीलें दी जाती रही हैं कि विलय के समझौता–पत्र में उल्लेख था कि कश्मीर का अपना 'अलग झंडा' और 'अलग संविधान' होगा। ये दलीलें कुतर्क हैं, क्योंकि विलय–पत्र में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। सियासतदानों को जरा पढ़ लेना चाहिए। बहरहाल पत्थरबाजों की दोबारा सरकारी नौकरी में बहाली होगी और जेल से सियासी कैदियों की रिहाई की जाएगी। ऐसे कैदियों को माफ भी किया जा सकता है। पाकिस्तान से सटी 'नियंत्रण रेखा' पर कारोबार की नई शुरुआत के साथ–साथ पाकिस्तान के साथ बातचीत और जनसंपर्क भी शुरू किया जाएगा।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी सोच के स्तर पर पाकिस्तान परस्त रही हैं, लेकिन सवाल है कि क्या एक विधानसभा ऐसे मुद्दों को पारित कर सकती है? विदेश और रक्षा नीतियां केंद्र सरकार तय करेगी अथवा संघशासित क्षेत्र की विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया जा सकता है? भारतीय संसद ने अनुच्छेद 370 और 35–ए को निरस्त किया था और सर्वोच्च अदालत ने भी उसे 'उचित, संवैधानिक निर्णय' माना था। तो विधानसभा चुनाव में पार्टियां इनकी बहाली और 'विशेष दर्जे' की वापसी का वादा कैसे कर सकती हैं? यह सवाल नेशनल कॉन्फ्रेंस के

उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पूछा गया था। उनका जवाब था कि आने वाली सर्वोच्च अदालत में कश्मीर की बुनियादी सोच वाले न्यायाधीश भी आ सकते हैं। केंद्र में मौजूदा सरकार की विदाई हो सकती है तथा विपक्षी गठबंधन इंडी की सरकार बन सकती है। हमने जम्मू–कश्मीर के अवाम को आश्वस्त किया है कि तब तक हम इंतजार करेंगे, लेकिन लड़ाई लगातार लड़ते रहेंगे। हम चुप नहीं बैठेंगे।

नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणा–पत्र में कहा है कि 'शंकराचार्य के पर्वत' का इस्लामी नाम 'तख्त–ए–सुलिमान' रखा जाएगा। और हरी पर्वत को कोह–ए–मरान लिखा था। इस सवाल को गृहमंत्री अमित शाह ने भी उठाया था और कांग्रेस से सवाल पूछा था कि क्या वह शंकराचार्य पर्वत की पहचान खत्म करने की साजिश को समर्थन करती है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या नेशनल कॉन्फ्रेंस के कश्मीर को एक बार फिर 'इस्लामिक' बनाने के मंसूबे हैं?

नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र में शंकराचार्य पर्वत को तख्त–ए–सुलेमान बताने पर कश्मीरी हिंदुओं में आक्रोश फूट पड़ा है और इसे संस्कृति और पहचान को खत्म करने की साजिश करार दिया है। शंकराचार्य पर्वत व हरि पर्वत कश्मीरी हिंदुओं की आस्था के प्रतीक हैं। कश्मीर का नाम कशयप ऋषि से पड़ा। यह भूमि ऋषियों की भूमि है। इस भूमि से कश्मीरी हिंदुओं की आस्था, संस्कृति जुड़ी है। इनके नाम कैसे बदले जा सकते हैं। नेकां गंदी राजनीति खेल रही है। आज नेकां ने अपनी मंशा लोगों के सामने रख दी है।

कश्मीरी पंडितों ने कॉन्फ्रेंस के इस विषय पर फारूक अब्दुल्ला को सीधा पत्र लिखा है। उन्होंने फारूक अब्दुल्ला से पीएसए हटाने के वादे और अन्य बिंदुओं को भी हटाने की मांग उठाई है। अन्य कश्मीरी हिंदू संगठन भी इस नेशनल कॉन्फ्रेंस की मंशा पर सवाल उठा रहे हैं। कश्मीर पंडितों ने चुनाव आयोग को भी पत्र लिखा है और मांग उठाई है कि कश्मीरी हिंदुओं की पहचान को खत्म करने के प्रयास को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। वास्तव में, कश्मीरी हिंदू घाटी की हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता और संस्कृति के संवाहक हैं। कश्मीर पंडित कॉन्फ्रेंस के अनुसार नेशनल कॉन्फ्रेंस हमारी सभ्यता के तमाम निशान मिटाना चाहती है। यह प्रयास नया नहीं है। कुछ कट्टरवादी तत्व पहले से इस प्रोपेगेंडा पर काम कर रहे हैं और लैलेश्वरी को लैला अरिफा और श्रीनगर को शहर–ए–खास बताने का प्रयास हो रहा है।

असल में नेशनल कॉन्फ्रेंस तो शेख अब्दुल्ला की ही विरासत है, लिहाजा उनकी सियासत भी वही होगी। पीडीपी ने यहां तक घोषणा की है कि 'जमात–ए–इस्लामी' पर से प्रतिबंध हटा दिया जाएगा। यानी कश्मीर में अलगाववाद, आतंकवाद, हड़ताल और बंद की पुरानी स्थितियों की वापसी के रास्ते तैयार किए जा रहे हैं? चुनाव घोषणा पत्र में आरक्षण खत्म करने का आश्वासन दिया गया है। क्या गुर्जर, बकरवाल, दलित, पहाड़ी जातियों के आरक्षण खत्म किए जाएंगे? यह निर्णय कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति पर आघात की तरह साबित हो सकता है। ऐसे कई आश्वासन घोषणा पत्रों में दिए गए हैं। बेशक ये देश–विरोधी घोषणाएं हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि केवल कश्मीरी पंडित ही नहीं बल्कि दुनियाभर में रचने बसने वाले हर हिंदू के लिए जहां शंकराचार्य पर्वत एक पवित्र स्थान है। वहीं इस्लामी कट्टरपंथियों की आंख में इसकी पवित्रता खटकती रहती है। जगहों के नाम बदलने की रवायत उन्होंने इस स्थान के लिए प्रयोग की हुई है। आप अगर इंटरनेट पर देखेंगे तो पाएंगे कि कई जगह इस जगह को लोग तख्त–ए–सुलेमान का नाम देकर आज भी बुलाते हैं और शंकराचार्य पर्वत का नाम लोगों की स्मृति से मिटाने का काम करते हैं। मालूम हो कश्मीर का ये कोई पहला ऐसा स्थान नहीं है जिसका नाम बदलकर वहां का इस्लामीकरण करने का प्रयास किया गया हो। इसी कश्मीर के अनंतनाग जिले को इस्लामाबाद कहते भी कई लोगों को सुना जा चुका है।

कश्मीरी हिंदुओं का कहना है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने बता दिया है कि वह कश्मीरी हिंदुओं के पूरी तरह से खिलाफ है। नेशनल कॉन्फ्रेंस एक तरफ कश्मीरी हिंदुओं की घर वापसी की बात करती है और दूसरी ओर अलगाववादी स्वर को बढ़ाना चाहती है। कश्मीरी हिंदुओं की आम राय है कि जम्मू–कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के कदम आतंकवाद को बढ़ावा देंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रयासों को लेकर कश्मीरी हिंदू संगठन आने वाले समय में आंदोलन छेड़ने का भी मन बना रहे हैं।

2014 के जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव में पीडीपी 28 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। हालांकि, 2018 में भाजपा द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद भाजपा के साथ उसकी गठबंधन सरकार गिर गई थी। दस साल बाद जम्मू–कश्मीर में चुनाव भले ही हो रहे हैं, लेकिन वहां के क्षेत्रीय दलों और नेताओं का रवैया जस का तस है। उनके घोषणा पत्रों और वादों में उनके नीति और नीयत साफ तौर पर झलकती है। ऐसे में अहम सवाल यह भी है कि विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू–कश्मीर संविधान के रास्ते पर चलता हुए विकास के नये कीर्तिमान स्थापित करेगा या फिर से घाटी में अशांति, पत्थरबाजी और खूनखराबे का दौर शुरू होगा। उम्मीद बेहतर की करनी चाहिए, सुख और शांति की करनी चाहिए, लेकिन क्षेत्रीय दल सियासत के लिए अमन चैन का दांव पर लगाने को आमादा दिखते हैं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

जाटलैंड में श्वेता के जरिये कांग्रेस को विनेश से आस

डॉ. रमेश ठाकुर

कुश्ती का कितना दबदबा इस मर्तबा हरियाणा विधानसभा चुनाव में रहेगा? इसको लेकर तो चर्चाएं आम हैं ही, लेकिन एक और कारण है जिसके चलते मौजूदा चुनाव बड़े दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। जाट लैंड के नाम से विख्यात हरियाणा में इस बार चुनावी मुद्दे एकाध नहीं, बल्कि बहुतेरे हैं। कुश्ती की किचकिच, बृजभूषण सिंह और विनेश फोगाट के बीच चिंगारी की भांति भड़कता प्रकरण, जाट आंदोलन, किसान मूवमेंट, चुनाव से पहले नेताओं द्वारा दलबदल, आपसी खींचतान के इतर एक ऐसा अलहदा और नया रौचक मुद्दा उभरा हुआ है। मुद्दा किसी सियासी खिलाड़ी से नहीं, बल्कि घुड़सवार खिलाड़ी से वास्ता रखता है। किरदार का नाम है श्वेता मिर्धा। श्वेता के अचानक सियासत में कूदने से राजनीतिक समीकरण अपने आप बदल गए हैं। श्वेता की आमद ने जहां कांग्रेस में नई जान फूंकी है, तो वहीं भाजपा के चुनावी गणित–भूगोल की ऐसी की तैसी कर दी है।

श्वेता मिर्धा बेशक सियासी गलियारों में अपरिचित नाम हो और अनसुना भी। पर, ये नाम हरियाणा विधानसभा चुनाव में अचानक चर्चाओं में आया है। अगर थोड़ा विस्तार से पूरे माजरे को समझें तो मौजूदा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस विनेश फोगाट में अपना भविष्य तलाश रही है। कांग्रेस चाहती है विनेश कांग्रेस का दामन थामे और सियासी लड़ाई में छलांग लगाकर उनकी बैतरणी पार लगाए। लेकिन उनके अथक प्रयासों से कमोबेश वैसा हो न सका। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं से लेकर शीर्ष लीडरशिप विनेश को खूब मनाती रही, तरह–तरह के लोभ–लालच दिए गए, लेकिन विनेश नहीं मानी। आखिरकार विनेश के मानने की खबर आई है। उन्हें मनाया किसी नेता ने नहीं, बल्कि एक खिलाड़ी ने मनाया है। खिलाड़ी का नाम है श्वेता मिर्धा। कांग्रेस इन दोनों के जरिए 90 में कम से कम 60 से ज्यादा सीटें

जीतने का लक्ष्य बनाकर चल रही है। सट्टा बाजार तो भविष्यवाणी ही कर चुका है कि अगर विनेश कांग्रेस का प्रचार भी कर देती हैं तो 56 से 60 सीटें जीत सकती हैं। कांग्रेस किसी भी सूरत में विनेश को चुनाव में उतारकर इस बार का चुनावी मैदान फतह करना चाहती है। श्वेता मिर्धा कोई और नहीं, हरियाणा कांग्रेस के कद्दावर नेता व युवा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी हैं। युवा हैं। उच्चशिक्षित हैं। इसके अलावा श्वेता सफल अंतरराष्ट्रीय घुड़सवार खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने तमाम इंटरनेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीते हैं। ऐसा भी नहीं है कि वह राजनीति से अनभिज्ञ हैं। सियासत उनके खून में पहले से है। राजस्थान के दिग्गज जाट नेता व पांच मर्तबा सांसद रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं।

चलिए अब आते हैं मुद्दे की बात पर। कांग्रेस ने श्वेता को विनेश फोगाट को मनाने के लिए लगाया है। शुरुआती सफलता भी मिली है। पक्की खबर है कि उन्होंने विनेश फोगाट को राजनीति में आने के लिए मना लिया है। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस विनेश से जुड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक न मिलने के उनके विश्वव्यापी प्रकरण को चुनाव में सहानुभूति के रूप में भुनाने से नहीं चूकेगी। सूत्र बताते हैं, विनेश कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ सकती हैं। श्वेता मिर्धा, अपने पति दीपेंद्र सिंह हुड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा के साथ विनेश के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचकर लंबी मुलाकात कर चुकी हैं। मुलाकात के बाद संकेत मिले हैं कि अब विनेश हरियाणा विधानसभा चुनाव में कूदेंगी। चुनावी पंडित इस प्रकरण के बाद कयास लगाने लगे हैं कि अब मौजूदा चुनाव और दिलचस्प हो जाएगा, क्योंकि विनेश फोगाट चुनावी मैदान में अपनी चचेरी बहन और भाजपा नेता बबीता फोगाट से ही दो–दो हाथ करेंगी।

गौरतलब है कि हरियाणा में कुल 90 सीटें हैं जिनमें पिछले चुनाव में भाजपा ने मनोहर लाल की अगुवाई में 41 सीटें जीतकर जेजेपी के जीते 10 विधायकों का साथ लेकर सरकार बनाई थी। तब कांग्रेस ने 31 सीटें जीती थीं। दूसरे नंबर की पार्टी बनकर विपक्ष में बैठी थी। इस बार मनोहर लाल नहीं हैं, नायब सिंह सैनी हैं। अगले मुख्यमंत्री का चेहरा वही होंगे या नहीं? ये भी अभी निश्चित नहीं है। जहां तक विनेश के दबदबे की बात है तो 20 से 25 विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां पहलवानों का अच्छा दबदबा है। इसलिए कांग्रेस विनेश फोगाट पर लगातार डोरे डाल रही हैं। निश्चित रूप से अगर वो आती हैं तो उनके साथ उनके कई साथी पहलवान भी कांग्रेस का दामन थाम कर चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। जब से बृजभूषण शरण सिंह के साथ विनेश का प्रकरण शुरू हुआ है, तभी से हरियाणा की खाप पंचायतें और जाट आबादी ने दूरी बनाई हुई है। इस सूरत–ए–हाल से भाजपा खुद असहज हुई पड़ी है। परिणाम क्या होंगे, उन्हें अभी से आभास हो चुका है।

श्वेता मिर्धा हुड्डा और विनेश फोगाट को लेकर युवाओं में दीवानगी है। दोनों के आ''ान पर युवा कांग्रेस को वोट कर सकते हैं। हरियाणा में पिछली बार की तरह इस बार भी आम आदमी पार्टी मौजूदा चुनाव में जोर आजमाइश कर रही है। जेजेपी के अलावा इनेलो–बसपा गठबंधन और अन्य दल भी मैदान में कूदे हुए हैं लेकिन मुख्य मुकाबला कांग्रेस–भाजपा के बीच में ही है। मौजूदा विधानसभा चुनाव में कुश्ती का कितना दबदबा रहेगा इसका असल परिणाम तो चार अक्टूबर को देखने को मिलेगा जब ईवीएम का पिटारा खुलेगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

प. बंगाल में कल छात्रों पर आंसू गैस–लाठी, आज विरोधी नेता पर बम और गोली!

मनोज कुमार अग्रवाल

पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में रेप–मर्डर मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए जब सैकड़ों छात्रों ने 'नबन्ना मार्च' के तहत सचिवालय भवन का घेराव किया, तो पुलिस ने उनका रास्ता रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे, लाठी चार्ज किया और पानी की बौछार की। लेकिन हद तो तब हो गई जब बुधवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा के बारह घंटे के बंद के दौरान भाटपाड़ा में भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रियंगु पांडे के ऊपर बम और गोलियों से हमला किया गया। यह हमला उस वक्त हुआ जब वे अपने समर्थकों के साथ बंद में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। यह वारदात पश्चिमी बंगाल में कानून व्यवस्था की बिगड़ती हालत को बयान करती है वहीं लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध के अधिकार पर हो रही गुंडई और अराजकता को भी बता रही है। यह हालात बताते हैं कि प.बंगाल में किसी वीभत्स वारदात का विरोध करने का लोकतांत्रिक अधिकार भी सरकारी पुलिस और सत्तारूढ़ पार्टी के गुंडे छीन रहें हैं।

भाजपा नेता प्रियंगु पांडे के अनुसार सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह पार्टी के नेता अर्जुन सिंह की दफ्तर की ओर जाने के लिए निकले थे। जब उनकी गाड़ी मेन रास्ते पर आई और करीब तीन मिनट के अंदर एंगलो इंडिया जूट मिल स्टाफ क्वार्टर के पास पहुंची। उन्होंने कहा,'इसी बीच लोकल म्यूनिसिपलिटि का जेटिंग मशीन रास्ते को जाम कर बंद देता है। इसी दौरान 50 से 60 लोग गाड़ियों पर बम चलाना शुरू कर देते हैं। पूरा धुआं–धुआं हो गया। इसी बीच भीड़ में से कुछ लोग मुझे टारगेट करके गोलियां चलाना शुरू कर देते हैं। उनके ड्राइवर और पीछ बैठे कार्यकर्ता को गोली लगी है।

इस मामले पर कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने चुप्पी साध रखी है जबकि इन दलों के नेता खुद को लोकतंत्र और संविधान का सबसे बड़ा हिमायती बताते हैं लेकिन कोलकाता जाने तक की जहमत राहुल – प्रियंका में से किसी ने नहीं उठायी है। क्या यही है इनकी महिला सुरक्षा में आस्था? ट्रेनी डॉक्टर के रेप–मर्डर केस के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार, 27 अगस्त को बड़ी संख्या में छात्रों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया।छात्रों ने इसे 'नबन्ना अभियान' नाम दिया। इसे रोकने के लिए सरकार ने 6000 पुलिस जवान तैनात किए। हावड़ा ब्रिज को सील कर दिया गया। रैली दोपहर एक बजे शुरू हुई, लेकिन नबन्ना तक नहीं पहुंच सकी। इसकी वजह पुलिस की बैरिकेडिंग रही। कई रास्तों को बंद किया। ड्रोन से निगरानी की गई।छात्रों ने हावड़ा से लगे संतरागाछी में बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। भीड़ को तितर–बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और वाटर कैनन चलाई। पुलिस की कार्रवाई में कई प्रदर्शनकारी जख्मी हुए। कई छात्रों को हिरासत में लिया गया।

प्रदर्शनकारी 'नबन्ना अभियान' के तहत कॉलेज चौराहे से नबन्ना तक जाना चाहते थे।कोलकाता के हावड़ा ब्रिज, हेस्टिंग्स और नबन्ना प्रदर्शन के सेंटर रहे।वहीं दूसरी ओर कोलकाता कांड की जांच कर रही सीबीआई को पता चला है कि आरोपी दरिंदा संजय जिस बाइक को इस्तेमाल कर रहा था वह पुलिस

कमिश्नर कोलकाता के नाम पर बतौर सरकारी बाइक दर्ज है। इस से साफ होता है कि आरोपी एक पुलिस बाइक पर घूम रहा था और लड़की छेड़ने से लेकर रेडलाइट एरिया तक इसी बाइक का इस्तेमाल कर रहा था। आपको बता दें कि आज का प्रदर्शन छात्रों के द्वारा किया गया लेकिन पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज के आंदोलन व प्रदर्शन को बाम और राम यानि भाजपा और वामपंथी दलों के द्वारा प्रायोजित बताया।

अब सवाल उठता है कि जिस तरह कोलकाता के रेप–मर्डर केस को लेकर प्रदर्शन करने सड़कों पर उतरे छात्र प्रदर्शनकारियों पर लाठी आंसू गैस और वाटरकैनन का इस्तेमाल कर बर्बरता से दबाया गया उस पर इंडी गठबंधन के किसी भी दल के किसी भी नेता ने प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की। जो कांग्रेस और अन्य दलों के नेता हाथरस कांड पर हर कीमत पर हाथरस पहुंच कर योगी सरकार के खिलाफ बयान बाजी कर रहे थे लेकिन कोलकाता के इतने संगीन अपराध के मामले में उनकी जुबान पर ताला और पैरों में बेडिया पड़ गई। यह इस देश में चल रही मौकापरस्त राजनीति का शर्मनाक नजीर है।

अब छात्रों को हिरासत में लेने के खिलाफ भाजपा ने कल 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया है। इस पर ममता सरकार ने कहा कि कल बंद नहीं रहेगा। सरकारी कर्मचारी ऑफिस पहुंचें।कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, 'विपक्ष और सत्तारूढ़ दल को एक साथ बैठकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से हो।' तृणमूल कांग्रेस की सांसद सयानी घोष ने छात्रों के विरोध–प्रदर्शन को गुंडागर्दी करार दिया। उन्होंने कहा कि ये बिल्कुल गुंडों जैसा है। इसमें मुश्किल से ही कोई महिला नजर आ रही है।

याद रहे आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8 अगस्त की रात को ट्रेनी डॉक्टर का रेप–मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डॉक्टर की बॉडी मिली। इसके बाद देशभर के डॉक्टर सड़क पर उतर आए थे। सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद कई अस्पतालों के डॉक्टरों ने हड़ताल कैंसिल कर दी लेकिन कोलकाता के डाक्टर काम पर नहीं लौटे हैं और प्रदर्शन का दौर जारी है। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच आज जमकर झड़प हुई। इस मे एक बार पत्थरबाजी भी हुई जिसमें एक पुलिसकर्मी चोटिल हो गया। वहीं सौ से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है।

पश्चिम बंगाल में छात्र समाज के नबन्ना मार्च को लेकर बवाल मचा। इस मार्च को रोकने के लिए सरकार ने पूरी तैयारी की थी । ड्रोन, वाटर कैनन, और आंसू गैस के गोले तक तैनात किए गए। 'छात्र समाज' ने यह मार्च आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुए डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आयोजित किया। 'छात्र समाज. कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर उभरा एक संगठन है। ममता सरकार ने इस मार्च को अवैध करार देते हुए कहा है कि उसे शरारती तत्वों द्वारा अशांति फैलाने की खुफिया जानकारी मिली है। वहीं भाजपा नेता दिलीप घोष ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह दोषियों को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि वे दोषियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए लोग निराश हो रहे हैं और विरोध कर रहे हैं।कोलकाता में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस बल की कार्रवाई पर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा तीखी प्रतिक्रिया दी है। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार की निंदा करते हुए जे पी नड्डा ने कहा कि दीदी के बंगाल में बलात्कारियों का सम्मान हो रहा है। बंगाल में महिला सुरक्षा पर बोलना अपराध है। कोलकाता पुलिस के कार्रवाई से लोगों के मन में गुस्सा है।

आपको बता दें कि नबन्ना एक बिल्डिग का नाम है और ये हावड़ा में है। दरअसल, प्रदेश के सचिवालय की बिल्डिग को नबन्ना भवन कहा जाता है। अब इसके घेराव की तैयारी है, जिसे देखते हुए सचिवालय की सिक्योरिटी बढ़ाकर किलेबंदी कर दी है। ये एक 14 मंजिला इमारत है, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार के ऑफिस हैं। ये नीले और सफेद कलर की बिल्डिग है। बताया जाता है कि इसके टॉप फ्लोर पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री का ऑफिस है और 13वीं मंजिल पर गृह सचिव का ऑफिस है। इसके अलावा चौथे और 5वें फ्लोर पर गृह विभाग का ऑफिस है।

कोलकाता डॉक्टर रेप मर्डर केस में प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर पुलिस के लाठीचार्ज के विरोध में बीजेपी ने कोलकाता बंद का ऐलान किया ह।आज बुधवार को भाजपा के बंद का राज्य में खासा असर रहा। ज्यादातर शहर कस्बों में बाजार बंद रहे वही रेल सेवा व यातायात पर खासा असर देखने को मिल रहा है। वहीं भटवाडा में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे पर कई राउंड गोली और बम से हमला होने से भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। इसके अलावा 30 अगस्त को ताला लगाओ आंदोलन करने की घोषणा की है। इस सारे गहमागहमी के माहौल के बीच लगता है कि अभी कोलकाता रेप–मर्डर केस को लेकर चलने वाला विरोध प्रदर्शन थमने वाला नहीं है और भाजपा के आहूत बंद के दौरान भी विवाद बढ़ने और टकराव की स्थिति पैदा होने से पर. बंगाल में अशांति का माहौल बन रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

संक्षिप्त समाचार

कंचनपुर मंडल में जिला संयोजक सदस्यता अभियान चलाया गया

चमकता राजस्थान।धौलपुर (रामदास तरुण)। बाड़ी उपखंड के कंचनपुर मंडल में जिला संयोजक सदस्यता अभियान धीर सिंह जादौन की अनुशंसा पर भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशाला मंडल अध्यक्ष राम प्रसाद गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बाड़ी विधानसभा संयोजक के.जी तिवारी रहे! मुख्य वक्ता के.जी तिवारी ने बताया कि 1 तारीख से सदस्यता अभियान की शुरुआत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की सदस्यता से प्रारंभ होगी । 2 सितंबर से हम सभी कार्यकर्ताओं को इस सदस्यता अभियान में जुटने का आग्रह किया। भारतीय जनता पार्टी की कार्यशाला की बैठक में कंचनपुर मंडल के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयों ने भाग लिया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राम प्रसाद गोस्वामी, सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक हरिमोहन, मंडल सहसंयोजक जितेंद्र गोस्वामी, सहसंयोजक राम वकील, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुभाष तोमर, अमरसिंह, बहादुर सिंह, नत्थीलाल, देवेंद्र और सभी शक्ति केंद्रों के संयोजक और बूथों के अध्यक्ष कार्यशाला में उपस्थित रहे!

5 लाख से ज्यादा कनेक्शन के साथ जियो राजस्थान में वायरलाइन ब्रॉडबैंड सेवा में सबसे आगे

- रिलायंस जियो का राजस्थान में डिजिटल समावेश का विस्तार

चमकता राजस्थान/जयपुर। रिलायंस जियो ने अपने जियो फाइबर और जियो एयर फाइबर सेवाओं के माध्यम से राजस्थान में डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 30 जून, 2024 तक राज्य में 5 लाख से अधिक परिसरों को जियो फाइबर और जियो एयर फाइबर सेवाओं से जोड़ा गया है।

जियो फाइबर और जियो एयर फाइबर सेवाएं अब राज्य के विभिन्न घरों, व्यवसायों और उद्यमों में व्यापक रूप से उपलब्ध हो चुकी हैं। जियो की वायरलाइन ब्रॉडबैंड सेवा की बाजार हिस्सेदारी लगभग 47 फीसदी है, जिससे यह राज्य का सबसे अग्रणी सेवा प्रदाता है।

जियो की वायरलाइन ब्रॉडबैंड सेवाएं जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा, जैसलमेर समेत राजस्थान के कई अन्य शहरों और गावों में उपलब्ध हैं, जो उपभोक्ताओं को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान कर रही हैं। हाल ही में, जियो ने ₹जियो टीवी प्लस 2 इन 1 ऑफर₹ पेश किया है, जिसके तहत एक कनेक्शन से दो टीवी जोड़े जा सकते हैं। जियो एयर फाइबर की शुरुआती कीमत 2,121 रुपए है, जिसमें 3 महीने का अनलिमिटेड डेटा, 800 से ज्यादा चैनल्स और 14 से अधिक ओटीटी एप्स का सब्सक्रिप्शन शामिल है।

श्री अक्रूर जी की झांकी धूमधाम से निकली

चमकता राजस्थान/जयपुर। श्री राधागोविन्द जी की शोभायात्रा के साथ श्री अक्रूरजी की झांकी बड़े ही मनमोहक अन्दाज़ में धूमधाम से निकली,श्री वार्ष्णेय वैश्य स्पोर्ट्स क्लब जयपुर के अध्यक्ष डॉ मुकेश गुप्ता ने बताया कि शोभा यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पूजा अर्चना कर किया। यह यात्रा श्री गोविंद जी मंदिर प्रांगण से शुरू होकर बड़ी चौपड़,जोहरी बाज़ार,बापूबाज़ार,चौड़ा रास्ता,त्रिपोलिया गेट,छोटी चौपड़,चाँदपोल बाज़ार होते हुए श्री गोपीनाथ जी मंदिर पहुँची। इस शोभा यात्रा का जगह जगह सामाजिक संस्थाओं ने स्वागत सत्कार किया,इस अवसर पर महिलाओं और पुरुषों ने भजन गाते हुए डांस कर भगवान को रिझाया,इस अवसर पर डॉ अनिल गुप्ता,नीरज वार्ष्णेय,संजय वार्ष्णेय,गिरीश गुप्ता,विजय गुप्ता,विक्रम गुप्ता सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित

आरजीएचएस का दायरा बढ़ा, कार्मिक को मिलेगा माता-पिता या सास-ससुर को सम्मिलित करने का विकल्प

चमकता राजस्थान

जयपुर, 28 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित की गई राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में कर्मचारी कल्याण, कृषक हित, विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण, रेल परिवहन के विकास सहित कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी।

- राजस्थान सिविल सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 2013 में संशोधन

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने बताया कि राज्य कार्मिकों के हित में उनकी ग्रेच्युटी एवं डेथ ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाते हुए 25 लाख करने को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि अब पुरुष एवं महिला कार्मिकों को सीजीएचएस की तर्ज पर अब आरजीएचएस में भी चिकित्सा सुविधा के लिए माता-पिता या अपने सास-ससुर में से किसी एक को सम्मिलित करने का विकल्प मिलेगा, बशर्ते माता-पिता या सास-ससुर आश्रित होने के साथ पुरुष अथवा महिला कार्मिक के साथ निवास करते हों। इस संबंध में बजट वर्ष 2024-25 की घोषणा की क्रियान्विति करते हुए राजस्थान सिविल सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 2013 के नियम 3(9) में संशोधन किया जाएगा।

- नाथद्वारा-देवगढ़-मदारिया रेल लाइन आमान परिवर्तन के लिए भूमि आवंटन

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि प्रदेश के रेल परिवहन तंत्र को मजबूत करने तथा मार्बल, ग्रेनाइट और माइनिंग जैसे उद्योगों को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर श्रीनाथद्वारा को मेवाड़ और मारवाड़ से जोड़ने वाली नई रेलवे लाइन के निर्माण में तेजी लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि राजसमंद जिले के राजसमंद, देवगढ़, नाथद्वारा एवं आमेट उपखण्डों की कुल 42.1576 हैक्टेयर भूमि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 102 के अंतर्गत नाथद्वारा-देवगढ़-मदारिया आमान परिवर्तन परियोजना के लिए रेलवे मंत्रालय को आवंटित करने की स्वीकृति मंत्रिमण्डल बैठक में प्रदान की गई।

केंद्रीय कार्मिकों की तर्ज पर 10 वर्षों तक बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन का लाभ

डॉ. बैरवा ने बताया कि कार्मिक की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर अब आश्रित को केंद्रीय कार्मिकों की तरह ही 10 वर्षों तक बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन का लाभ मिल सकेगा। इन प्रावधानों के लिए राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1996 के नियम 55 एवं 62 में संशोधन की अधिसूचना 1 अप्रेल, 2024 से प्रभावी होगी। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राजस्थान जिला न्यायालय लिपिक वर्गीय स्थापन नियम 1986 के नियम 14 ए एवं 20 के उपनियम 4 और राजस्थान अधीनस्थ न्यायालय (चालक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) सेवा नियम, 2017 के नियम 18 के उपनियम 4 एवं नियम 30 में संशोधन का अनुमोदन किया गया है। इन संशोधनों से न्यायालयों के उन लिपिकवर्गीय कार्मिकों, चालकों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को राहत मिलेगी जो दो से अधिक संतान होने के कारण पदोन्नति से वंचित हो गए थे। अब उनकी पदोन्नति के लिए उस तारीख से विचार किया जा सकेगा, जिससे उनकी पदोन्नति देय हो गई थी और उन्हें नोशनल वेतनवृद्धि दी जा सकेगी।

- 7896 करोड़ रुपये की लागत से होंगे 11 केवी फीडर सेग्रेगेशन के कार्य–

श्री पटेल ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत कृषि फीडर्स के 11 केवी फीडर पृथक्करण (सेग्रेगेशन) की क्रियान्विति को मंजूरी प्रदान की गई। इस योजना में लगभग 7 हजार 896 करोड़ रुपए की लागत से 11 केवी फीडर सेग्रेगेशन के 7522 कार्य करवाए जाएंगे, जिसके लिए आरईसी लिमिटेड की ओर से स्वीकृति एक अप्रैल, 2024 को प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जिन 33/11 केवी सबस्टेशन पर 11 केवी फीडर सेग्रेगेशन का कार्य किया जाएगा, वहां नए सोलर पावर प्लांट लगाने, मीटरिंग, बिलिंग और राजस्व संग्रहण के कार्य को भी फीडर सेग्रेगेशन में ही जोड़ा गया है। यह कार्य हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल पर किया जाएगा, जिससे नए स्थापित होने वाले सौर ऊर्जा संयंत्रों का स्थानीय स्तर पर उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा और कृषि उपभोक्ताओं को दिन के समय बिजली दी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि फीडर सेग्रेगेशन से भविष्य में ट्रांसमिशन प्रणाली के सुदृढीकरण पर होने वाले खर्च में कमी आएगी और तकनीकी वितरण छीजत में भी कमी होगी।

- तीन हजार मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन का अनुमोदन

पटेल ने बताया कि 3000 मेगावाट की 4 सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए राजस्थान भू-राजस्व (अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों पर आधारित ऊर्जा उत्पादन इकाई की स्थापना हेतु भूमि आवंटन) नियम, 2007 के प्रावधानों एवं शर्तों के तहत भूमि आवंटन की स्वीकृतियां प्रदान की गई तथा बीकानेर की पूगल तहसील के ग्राम बरजू में 50.42 हैक्टेयर भूमि 765/400/220 केवी सबस्टेशन की स्थापना के लिए बीकानेर-3 नीमराना ट्रांसमिशन लिमिटेड को आवंटित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है। सौर ऊर्जा पर आधारित इन परियोजनाओं की स्थापना से राज्य में क्षेत्रीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे एवं राज्य के राजस्व में बढ़ोतरी होगी।

- टेक्नोलॉजी सेंटर के लिए एमएसएमई मंत्रालय को आवंटित होगी भूमि

श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश में एमएसएमई उद्यमों के विकास के लिए भी सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। इसी क्रम में केन्द्रीय एमएसएमई मंत्रालय को जयपुर में टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना के लिए जेडीए की दहमीकलां संस्थानिक योजना में 12 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे युवाओं को एमएसएमई सेक्टर से जुड़ी उन्नत तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा और उनमें कौशल एवं दक्षता का विकास होगा।

कर्मचारी नेता हनुमान सिंह की याद में किया वृक्षारोपण

कुशल खेल प्रशासक हनुमान सिंह की जयंती पर प्रदर्शन हैंडबॉल मैच

चमकता राजस्थान

जयपुर, 28 अगस्त। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत), राजस्थान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, तकनीकी कर्मचारी संघ व हनुमान सिंह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष लोकप्रिय कर्मचारी नेता एवं कुशल खेल प्रशासक स्व. हनुमान सिंह जी की 73वीं जयंती जल भवन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश अध्यक्ष यश प्रताप सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर राज्य कर्मचारियों ने अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी याद में वृक्षारोपण किया।

साथ ही जयपुर ज़िला हैंडबॉल संघ व हनुमान सिंह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ व राज्य फुटबॉल संघ के पूर्व अध्यक्ष तथा राज्य ओलम्पिक संघ के पूर्व महासचिव स्व. हनुमान सिंह जी की 73वीं जयंती पर सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित हैंडबॉल मैदान पर बुधवार शाम को हैंडबॉल खिलाड़ियों ने मैत्री मैच खेल कर श्रद्धांजलि दी।

राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि मैत्री हैंडबॉल मैचो का आयोजन सभी जिलो में किया गया है।

उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से 73वी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

बाड़ी:-ब्लॉक कांग्रेस में कमेटी द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीना के नेतृत्व में राजस्थान के राज्यपाल के नाम SDM को सोपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान/धौलपुर(रामदास तरुण)। बाड़ी उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा को सौंपा ज्ञापन, बाड़ी सहित पूरे जिले में बरसात की अतिवृष्टि से किसानों की अधिकांश फसल नष्ट हो चुकी है! जिससे किसानों के सामने बहुत बड़ा संकट खड़ा हो चुका है! की गिरदावरी कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिलवाने की कृपा करें! नहीं तो किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं! इस ज्ञापन को व्यक्तिगत पत्र समझकर कार्रवाई कराने का श्रम करें, ज्ञापन में वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद राजकुमार भारद्वाज, पार्षद हरि पहाड़िया, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष निजामुद्दीन खान, जिला कांग्रेस सेवादल महासचिव रोशनी शिवहरे, रामसेवक अजर, केशव मीणा, लज्जाराम कोली, बायोवृद्ध किसान सरदार जगजीत सिंह, लाखन यादव, अनिल अरेला, मनीष मंगल, एडवोकेट राकेश अजर, मनरूप मीणा, एनएसयूआई ब्लाक अध्यक्ष शिवकेश मीणा, उमाशंकर यादव राजकुमार कंसाना, योगेश अग्रवाल, गजेंद्र गोस्वामी, अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उप चुनाव से पूर्व क्षेत्र के नाराज कार्यकर्ताओ को मनाने की कवायद जरूरी : डोटासरा

चमकता राजस्थान

जयपुर, 28 अगस्त। राजस्थान में होने वाले आगामी 6 विधानसभा क्षेत्रों के उप-चुनाव की तैयारी हेतु बुधवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने विधानसभा क्षेत्र झुंझुनूं तथा दौसा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की अलग-अलग बैठक प्रदेश कांग्रेस वॉर रूम में संगठन को विधानसभा क्षेत्र में उप-चुनाव के मद्देनजर सक्रिय करने तथा आमजन को पार्टी के साथ जोड़ने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में विधानसभा उप-चुनाव हेतु संगठन की सक्रियता बढ़ाने के लिए गठित चार सदस्यीय समिति के सदस्यों सहित विधानसभा क्षेत्रों के ब्लॉक व मण्डल अध्यक्षों सहित पंचायती राज व नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में लोकसभा सदस्य बृजेन्द्र सिंह ओला, झुंझुनूं जिलाध्यक्ष दिनेश सुण्डा, प्रभारी महासचिव रामसिंह कस्वां तथा दौसा विधानसभा उप-चुनाव हेतु आयोजित बैठक में सांसद मुरारीलाल मीना ने भी अपने विचार रखे ।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा

ने उपस्थित कांग्रेस नेताओं से संवाद करते हुए आगामी विधानसभा उप-चुनाव हेतु क्षेत्र में संगठन की सक्रियता बढ़ाने हेतु सुझाव लिए । प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि क्षेत्र में निवास करने वाले सभी पूर्व पदाधिकारियों एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों से जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सम्पर्क कर संगठन की गतिविधियों में शामिल कर पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस वॉर रूम द्वारा ऐसे सभी पूर्व पदाधिकारियों एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क कर संवाद किया जाएगा तथा संगठनात्मक सक्रियता हेतु इन सभी पूर्व पदाधिकारियों एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों की स्थानीय पार्टी गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जिला स्तर पर स्वागत एवं धन्यवाद रैली आयोजित होगी जिसकी तैयारियों में जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक व मण्डल कमेटियां जुट जाएं। उन्होंने कहा कि स्वागत एवं धन्यवाद रैली के माध्यम से नव-निर्वाचित सांसदो का स्वागत संगठन द्वारा किया जाएगा तथा पुनः विजयी बनाने हेतु क्षेत्र की जनता का आभार प्रदेश कांग्रेस की ओर से प्रकट किया जाएगा। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों को निर्देशित करते हुए कहा कि विधानसभा उप-चुनाव की तैयारियों में कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जुट जाएं तथा मतदाता सूची में किसी का नाम ना छूटे अथवा कोई गलत नाम नहीं जुड़े इस हेतु पार्टी के बीएलए जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि गुरुवार को 11.00 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा प्रदेश कांग्रेस वॉर रूम, जयपुर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संभाग एवं जिला प्रभारी पदाधिकारियों तथा जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षगणों की महत्वपूर्ण बैठक ली जाएगी। बैठक में सभी प्रभारी उपाध्यक्ष एवं महासचिव अपने-अपने प्रभारी जिलों में विगत दिनों में ली गई बैठक तथा किए गए कार्यों का विवरण रिपोर्ट प्रस्तुत कर करेंगे। बैठक में अपने-अपने प्रभार जिलों के सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सूची भी प्रभारी पदाधिकारी प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को सौंप कर जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर चर्चा करेंगे।

कांग्रेसी खुद लड़ते है समाज को लड़ाते है: मदन राठौड़

कांग्रेस का टूटा भ्रम जाल, जीतेगी भाजपा:- मदन राठौड़

चमकता राजस्थान

जयपुर, 28 अगस्त 2024। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने आज कांग्रेस पर करारा हमला बोला उन्होंने सलूंबर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेसी खुद लड़ते हैं और समाज को लड़ाते हैं, जब राजस्थान में उनकी सरकार थी तब अशोक गहलोत और सचिन पायलट लड़ रहे थे, अशोक गहलोत सचिन पायलट को नक ारा, निकम्मा और नालायक कह रहे थे और सचिन पायलट कुछ विधायकों को लेकर नाराज बैठे थे। 5 साल तक कोई काम नहीं करने वाले कांग्रेसी नेता अब अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं क्योंकि जनता के बीच उनकी साख नहीं रही है।

उन्होंने कहा कि कल कांग्रेस के चार-पांच नौजवानों ने जो शर्मनाक हरकत की वह राजस्थान की परंपरा के अनुसार नहीं है कांग्रेस की दयनीय स्थिति का सूचक है कि उसे प्रदर्शन करने के लिए ही चार-पांच लोग मिल रहे हैं हमारे प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल जी ने बड़ा मान रखते हुए उन्हें माफ कर यह बता दिया कि भारतीय जनता पार्टी नौजवानों के भले के लिए काम करती है और कांग्रेस नौजवानों को बरगलाकर उनका भविष्य खराब करती है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए समाज का कोई भी वर्ग अछूत और वोट बैंक नहीं है इसलिए समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सबके विकास की बात करती है। जनजाति समाज समर्थ और सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। न केवल केंद्र और राज्यों का जनजाति समाज के लिए खर्च होने वाला बजट बढ़ा है बल्कि उनके लिए योजनाएं भी बनी है उन योजनाओं का लाभ इस क्षेत्र के लोगों को मिले इसके लिए कार्यकर्ताओं को अधिक सजकता के साथ और सक्रियता के साथ काम करना है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रम फैलाने का काम करती है। कभी आरक्षण पर भ्रम फैलाती है, कभी समाज की मान्यताओं के नाम पर भ्रम फैलाती है। ऐसे लोगों से सावधान रहें। माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी कहा है जब तक मैं जिंदा हूँ आदिवासियों के आरक्षण की तरफ कोई अंगुली भी नहीं उठा सकता यह हमारी पार्टी की भी प्रतिबद्धता है।

नीम कोटेड यूरिया हो या मृदा परीक्षण या सिंचाई के लिए इस क्षेत्र में काम हो या एमएसपी बढ़ानी हो या फसल की बीमा योजना हो या किसान सम्मान निधि हो यह सारे काम समाज के सबसे कमजोर वर्ग किसान को लाभान्वित और सशक्त करने के लिए है। जनजाति समाज के गांव के विकास के लिए प्रधानमंत्री जन मन योजना बनी है, इन सब योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को संकल्प लेकर आगे बढ़ना है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की सरकार चुनाव में किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में प्राण-प्रण से जुटी है हमें भी लाभार्थी व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कदम बढ़ाने हैं। हम केवल जन अपेक्षाओं के अनुरूप काम करते हैं, हमारे लिए पूरा देश एक परिवार है और इस परिवार भाव के साथ हम काम करते हैं जबकि कांग्रेस नेताओं के लिए अपना परिवार ही सब कुछ है।

प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की चाहें केंद्र की सरकार हो, चाहे राज्य की सरकार हो आदिवासियों के विकास के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही है जिसने मानगढ़ धाम का विकास करने का काम किया, आदिवासी संग्रहालय का काम हो या आदिवासी समाज को मान सम्मान देने के लिए देशभर में जनजाति गौरव दिवस मनाने की बात हो या जनजाति समाज से आने वाली द्रोपदी मुर्मू जी को देश का राष्ट्रपति बनाना हो यह काम भारतीय जनता पार्टी ने पहल करके किया और इसे आदिवासी समाज समझ रहा है।

उन्होंने कहा कि जनजाति समाज का विकास कांग्रेस के साथ बैठने से नहीं हो सकता यह लोगों के समझ में आ रहा है कि भारतीय जनता पार्टी ही जनजातीय समाज को समर्थ और सशक्त बना सकती है। उन्होंने कहा कि समाज को तोड़ने का काम कांग्रेस के डीएनए में है। वो कभी जाति के नाम पर तोड़ते है कभी क्षेत्रवाद के नाम पर तोड़ते है, उनका लक्ष्य केवल और केवल सत्ता का सुख भोगना है।

संक्षिप्त समाचार

श्री धर्मार्थ सहायता समिति बाड़ी ने मनाया स्थापना दिवस उस मौके पर -गरीब बच्चों को बांटे बेग

चमकता राजस्थान /धौलपुर (रामदास तरुण)। बाड़ी उपखण्ड में श्री धर्मार्थ सहायता समिति बाड़ी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नौरहा के प्रार्थना सभा में स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य एवं समिति के अध्यक्ष महावीर प्रसाद गोयल द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। उसके बाद सरस्वती वंदना के बाद अध्यापक योगेश गोयल के सहयोग से कक्षा 1 से 8 तक के सभी बच्चों को स्कूली बैग वितरित किये गये!और कक्षा एक से 12वीं तक के सभी बच्चों के लिए बिस्किट एवं पेन वितरित किए गए। समिति के मनोज शिवहरे द्वारा जरूरतमंद लोगों एवं बच्चों की सहायता का आश्वासन दिया गया। कि सुरेश बिंदल के द्वारा सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। विद्यालय एमसी के अध्यक्ष गिरीश चंद्र शर्मा और प्रमोद परमार द्वारा प्रतिवर्ष समिति द्वारा विद्यालय में किए जाने वाले कार्यों की सराहना की गई। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा श्री धर्मार्थ सहायता समिति को धन्यवाद देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय से जितेंद्र सिंह, संजीव शर्मा, राजीव शर्मा, जगदीश, हरिशंकर, नरेश, चेतराम आदि उपस्थित रहे!

2 सितम्बर को प्रधानमंत्री मोदी और 3 सितम्बर को मुख्यमंत्री भजनलाल सदस्य बनकर करेंगे अभियान का श्रीगणेश: अरूण चतुर्वेदी

चमकता राजस्थान

जयपुर, 28 अगस्त 2024। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान के सदस्यता अभियान के प्रभारी ऋतुराज सिन्हा ने सर्वव्यापी, सर्वसमावेशी और सर्वस्पर्शी सदस्यता पर जोर देते हुए सदस्यता अभियान चलाने का आ''ान किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विशिष्ट विचार का प्रतिनिधित्व करती है जहाँ समाज के सभी वर्गो और सभी भौगोलिक स्थितियों में रहने वाले लोगों के कल्याण का विचार महत्वपूर्ण है।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सिन्हा ने कहा कि कार्यकर्त्ताओं की निरंतर सक्रियता और संगठन की रीति-नीति से सहमत होते हुए लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे है। यही कारण है कि आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी है।

वे भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के मोर्चो, प्रकोष्ठों, मीडिया, सोशल मीडिया, आई.टी. विभाग एवं जयपुर शहर के पार्षदों एवं पदाधिकारियों की विभिन्न बैठकों को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने बैठकों में सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्त्ता निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपनी अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करे और अधिकतम लोगों को भाजपा से जोड़ने के लिए अभी से जुट जाये।

अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान के तहत सभी 44 जिलों में कार्यशाला सम्पन्न हो चुकी है। अभी 1132 मण्डलों में कार्यशाला हो रही है जो 29 अगस्त तक सभी मण्डलों में सम्पन्न हो जाएगी। इसके बाद 30 और 31 अगस्त को प्रदेश के 51,736 बूथों पर एक साथ सदस्यता अभियान को लेक र बैठकें आयोजित होगी। इसके बाद 2 सितंबर को अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी स्वयं सदस्य बनकर श्रीगणेश करेंगे।

डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान के तहत 3 सितंबर को सभी प्रदेशो में सदस्यता अभियान को प्रारम्भ करते हुए राज्यों में मुख्यमंत्रियों को सदस्य बनाया जाएगा और 4 से 5 सितंबर के दौरान जिलों में इस अभियान की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान का पहला चरण 2 सितंबर से 25 सितंबर तक चलेगा। इसकी समीक्षा के बाद दूसरा चरण 1 अक्टूबर से शुरू होकर 15 अक्टूबर तक चलेगा ।

अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने भाजपा के सदस्यता अभियान से जुड़ने के लिए पार्टी की ओर से 88 00 00 2024 नंबर जारी किये गये है। इस नंबरों पर मिस्ड कॉल कर प्राप्त लिंक पर अपनी जानकारी भरक र सदस्यता नंबर प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा क्यूआर कोड और वेबसाइट पर जाकर भी सदस्यता ली जा सकती है। ये नंबर 1 सितंबर से चालू हो जाएंगे।

बैठकों में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, सदस्यता अभियान के सह प्रभारी मोतीलाल मीणा, अनिता भदेल, विजेंद्र पूनिया, आईदान सिंह भाटी, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, पूर्व विधायक सुरेंद्र पारीक, मोहनलाल गुप्ता, उप महापौर पुनीत कर्नावट, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित चेची, महिला मोर्चा की अध्यक्षा रक्षा भण्डारी, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष चम्पालाल गेदर, एस. टी. मोर्चा अध्यक्ष नारायण लाल मीणा एस.सी. मोर्चा के अध्यक्ष कैलाश मेघवाल, अल्पसंख्यक मोर्चे के अध्यक्ष हमीद मेवाती, चिकित्सा प्रकोष्ठ से डॉ. एस.एस. अग्रवाल, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, सोशल मीडिया के संयोजक हिरेंद्र कौशिक और आई. टी विभाग के संयोजक अविनाश जोशी सहित अनेक पदाधिकरी उपस्थित रहे।

अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध नागौर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- ट्रक में सल्फेट पाउडर की आड़ में गांजा तस्करी कर रहे दो तस्कर गिरफ्तार
- ट्रक से 45 कट्टों व 25 पैकेट में भरा 7.75 करोड़ रुपए कीमत का कुल 1547 किलो गांजा बरामद

चमकता राजस्थान। जयपुर/नागौर! (खलील कुरैशी) 28 अगस्त। अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध नागौर जिले की थाना पादूकलां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर ट्रक में सल्फेट पाउडर की आड़ में गांजा तस्करी कर रहे दो तस्करों को गिरफ्तार कर ट्रक से 45 कट्टो व 25 पैकेट में भरा 7.75 करोड़ रुपए कीमत का कुल 1547 किलो गांजा बरामद किया है।एसपी नारायण टोगस में बताया कि बुधवार को अजमेर से आ रहे एक ट्रक में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की मुखबिर से सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार व सीओ रामेश्वर लाल सहारण के सुपरविजन एवं एसएचओ सुनील चौधरी के नेतृत्व में थाना पुलिस की टीम द्वारा नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी कर सन्दिग्ध ट्रक को रुकवाया गया।ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें सल्फेट पाउडर की आड़ में 45 कट्टों एवं प्लास्टिक के 25 पैकेट में तस्करी किया जा रहा कुल 1547 किलो 55 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ सहित ड्राइवर पूरणमल डांगी पुत्र प्रभु लाल निवासी भावासर मोहल्ला थाना जीरापुर जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश व खलासी दीप सिंह मीणा पुत्र सोहन नाथ निवासी कामखेड़ा जिला झालावाड़ को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस को पूछताछ कर रही है।

अंधी पीसे कुत्ता खाय कहावत चरितार्थ .....

सड़क पर सड़क बनी, फिर भी हालत खराब, कीचड़ व जल भराव लोग परेशान

चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह)। जिले के कस्बा हलैना की इंदिरा कॉलोनी में पांच वर्ष के अन्तराल प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क के ऊपर बनाई गौरव पथ सड़क की हालत खराब है।दोनों बार बनी ये सड़क किनारे गंदा पानी निकास केलिए नालियों का निर्माण नहीं कराया गया,जिस सड़क पर जलभराव,कीचड़ जमा है। इंदिरा कॉलोनी वासी, राहगीर व अन्य लोग कीचड़ युक्त रास्ते से

आवागमन करने में अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं। ये सड़क हल्की वर्षा होने पर नहर का रूप धारण कर देती है और हाथीराम सागर का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर भर जाता है। जिसका जिम्मेदार सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा जनप्रतिनिधि है।जिनकी अनदेखी के कारण सड़क की हालत खराब है।गारंटी अवधि में लगातार2 बार सड़क पर सड़क बनाना और फिर उसके ऊपर ईट भट्टा का कचरा व मलवा डाला जाना और पंचायती राज,पीडब्ल्यूडी विभाग तथा ग्राम पंचायत अधिकारियो के द्वारा एक - दूसरे पर लगाए आरोप लगा कर सड़क का मालिक , अधिकार क्षेत्र होना तथा सड़क मरम्मत आदि से मुकर रहे हैं। जिस हालत को देख कर सड़क और प्रशासन पर अंधी पीसे कुत्ता खाय कहावत चरितार्थ होती है।



एक दिन ही कार्रवाई कर लौट जाता है प्रशासन

» हलैना वैर सड़क मार्ग किनारे एक पोखर पर दबंग लोगों का कब्जा है,जिस कारण होने के बाद पोखर का पानी आबादी क्षेत्र में भर गया पोखर के पानी निकासी के लिए कुछ दिन पहले महिलाएं टंकी पर चढ़ कर प्रदर्शन किया उसे समय प्रशासन हरकत में आया और एक दिन ही कार्रवाई कर लौट गया अब हालात इस तरह से बने हुए हैं। कस्बा एवं इंदिरा कॉलोनी के लोग अब दोबारा गांधीवादी तरीके से आंदोलन करने की रूपरेखा बना रहे हैं जो मुख्यमंत्री आवास भरतपुर के लिए पैदल चल कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे।

कब बनी ये सड़के

» सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष2014 में नेशनल हाईवे हलैना से बाराखुर्द वाया इंदिरा कॉलोनी तक सीसी और डामड़ी सड़क का निर्माण कराया, लेकिन आबादी क्षेत्र में गंदा पानी निकास व्यवस्था को जलस्तर का सर्वे एव ना ही नालियों का निर्माण कराया गया। 2साल के बाद ही सड़क पर जल भराव व कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो गई। उसके बाद 2019 में तत्कालीन कैबिनेटमंत्री भजन लाल जाटव के प्रयास से नेशनल हाईवे से खारा कुआं वाया इंदिरा कॉलोनी गौरव पथ बना और उक्त स्थान पर बनी पहली सड़क ऊपर ये गौरवपथ निर्माण कर दिया गया । गौरव पथ निर्माण के समय भी गंदा पानी निकास को नालियों का निर्माण नहीं कराया। नालियों का निर्माण नहीं करने के कारण उक्त मार्ग की हालत दयनीय बनी हुई है।

क्या कहते हैं अधिकारी

» सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता गोविंद मीणा ने बताया कि हम इस सड़क मार्ग को ग्राम पंचायत के अधीन देने को तैयार हैं।हमारे पास पैसा नहीं है और ग्राम पंचायत अपने स्तर पर एक सड़क का तीसरी बार निर्माण कर सकती है। लोग भले ही किसी से शिकायत कर ले हम इस सड़क की जिम्मेदार नहीं है व ना ही जिम्मेदारी लेंगे। हलैना ग्राम पंचायत के ग्रामविकास अधिकारी श्याम लाल ने बताया कि इंदिरा कॉलोनी में पीडब्ल्यूडी विभाग ने दो बार सीसी का निर्माण कराया और पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा दोनों बार नालियां नहीं बनाई गई विभाग पहले नालियों का निर्माण कराया हम उसके बाद यह सड़क अपने अधीन लेने को तैयार है। सरपंच दीपेश कुमार ने बताया कि इंदिरा कॉलोनी के लोगों ने जल भराव और कीचड़ की समस्या से अवगत कराया और प्रशासन ने अतिराम सागर के पानी निकासी को ढाई लाख रुपये तथा उसके बाद कॉलोनी के जल निकासी को इंजन चालू कराए। अब कॉलोनी से कचरा हटावाया जारहा है।कुछ लोगों ने ईंट भट्टों का कचरा सड़क पर डलवाया है । उन्हें नोट जारी होंगे । पंचायत समिति के विकास अधिकारी रतन सिंह गुर्जर ने बताया कि इंदिरा कॉलोनी के लोगों ने रास्ते की हालत से हमें अवगत कराया है जिसे दृष्ट करने के लिए ग्राम पंचायत को निर्देश दिए गए।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर धौलपुर का कुख्यात बदमाश महेश ठाकुर गिरफ्तार

25000 का इनामी है आरोपी, बिहार के हाजीपुर रेलवे स्टेशन से पकड़ा

चमकता राजस्थान

बसेड़ी थाने का हिस्ट्रीशीटर एवं टॉप 10 बदमाशों की श्रेणी में है शुमार, 29 गंभीर प्रकृति के आपराधिक मुकदमे दर्ज

जयपुर, !(खलील कुरैशी) 28 अगस्त। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर धौलपुर जिले के कुख्यात बदमाश महेश ठाकुर पुत्र हरविलास (50) (निवासी नगला दरवेशा थाना बसेड़ी) को बिहार के वैशाली जिले में हाजीपुर रेलवे स्टेशन से धौलपुर की बसेड़ी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाश टॉप 10 वांटेड क्रिमिनल की सूची में शामिल और 25000 का इनामी हिस्ट्रीशीटर है।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि प्रदेश में वांछित इनामी अपराधियों व गैंगस्टर्स के बारे में आसूचना संकलन कर धर पकड़ के लिए पुलिस मुख्यालय से डीआईजी क्राइम योगेश यादव सुपरविजन में एजीटीएफ की टीम को अलग-अलग शहरों में रवाना किया गया है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ सिद्धांत शर्मा के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र शर्मा व कांस्टेबल बृजेश शर्मा को भरतपुर रवाना किया गया था। आसूचना संकलन के दौरान सोमवार को इन्हें सूचना मिली कि थाना बसेड़ी का हिस्ट्रीशीटर एवं 25000 का इनामी महेश ठाकुर मणिपुर के इंफाल में फरारी काट रहा है जो आज ट्रेन से मध्य प्रदेश की तरफ आ रहा है।इस सूचना पर एजीटीएफ टीम ने तुरंत धौलपुर एसपी सुमित मेहरड़ा से समन्वय स्थापित किया। जिनके द्वारा एसएचओ बसेड़ी बृजेश मीणा मय डीएसटी को रवाना किया गया। बिहार के वैशाली जिले में हाजीपुर रेलवे स्टेशन से मंगलवार को आरोपी महेश ठाकुर को डिटेन कर थाना बसेड़ी लाया गया, जिसे पूछताछ के बाद थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार इनामी बदमाश के विरुद्ध धौलपुर के थाना बसेड़ी व बाड़ी एवं मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में 29 गंभीर प्रकृति के आपराधिक मुकदमे दर्ज है। थाना बसेड़ी पर दर्ज जमीन पर कब्जा करने के लिए पीड़ित को जान से मारने की धमकी देने के साथ साथ चार अन्य मामलों में आरोपी वांछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी धौलपुर द्वारा 25 जुलाई 2024 को 25000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। एमएन ने बताया कि इस संपूर्ण कार्रवाई में एजीटीएफ के एएसआई शैलेंद्र कुमार एवं कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष व तकनीकी भूमिका रही। गिरफ्तारी में एसएचओ बसेड़ी बृजेश मीणा, डीएसटी धौलपुर से हेड कांस्टेबल माखन सिंह, कांस्टेबल अश्विन पचौरी, चंद्रभान सिंह एवं चालक कृष्ण चंद्र शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

भाजपा प्रभारी अग्रवाल को सचिन पायलट का जवाब

● राव बादा मूर्ति स्थापना का प्रथम वर्षगांठ समारोह

चमकता राजस्थान/जमवारामगढ़। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और टोंक विधायक सचिन पायलट ने बुधवार को भाजपा प्रभारी राधा मोहन दास, अग्रवाल का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधा। पायलट ने कहा कि विरोधियों का सम्मान करना और अपने प्रतिद्वंद्वियों को इज्जत देना, संयम और मर्यादा की सीमा को नहीं लांघना, यह हमारी राजनीति का परिचय है। पायलट ने कहा कि राजस्थान तो अतिथि देवो भवः की भूमि है, जो भी आए उसका स्वागत है। राजनीति की बात है तो उपचुनाव आ रहे है, दो-दो हाथ कर लेंगे। पायलट कस्बे के दांतली में राव बादा मूर्ति स्थापना की प्रथम वर्षगांठ समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें चार सौ पार हो जाती तो देश में क्या-क्या बदल जाता। राहुल गांधी ने भाजपा का तीसरी बार विजयी रथ रोक दिया है। केंद्र में जब से वे नेता प्रतिपक्ष बने है, भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं के चेहरे मुरझा गए है।

किरोड़ी को मन से मनाएं: पायलट ने प्रदेश सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि डॉ. किरोड़ी लाल मीना मंत्री है। भाजपा उन्हें मन से मनाए तो मान जाएंगे लेकिन सही मन से मनाया ही नहीं तो कैसे मानेंगे? हालांकि भाजपा का यह अंदरूनी मामला है।

किशोर को सीने में मारी गोली

नवादा। नवादा शहर के गोपालनगर मोहल्ले के एक किशोर को अपराधियों ने सीने में गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल किशोर को इलाज के लिए सदर अस्पताल में दाखिल कराया गया है। सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। घटना के पीछे रहे कारणों के बारे में अबतक स्थिति साफ नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि संकट मोचन मंदिर के पीछे स्थित गोपाल नगर मोहल्ला निवासी रंजीत चौधरी का 12 वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार ब्लॉक के समीप अपनी गुमटीनुमा दुकान पर बैठा था, तभी उसे सीने में गोली मार दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गया। घायल किशोर को इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल नवादा में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। किशोर की मां रेणु देवी ने बताया कि मेरा पुत्र अपनी दुकान पर था, तभी उसे गोली मारी गई। सूचना के बाद नगर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। जख्मी बालक के अनुसार हमलावर राहुल कुमार था। गोली किस वजह से मारा इसके बारे में वह कुछ नहीं बता सका। वैसे, यह बात भी सामने आ रही है कि जख्मी और हमलावर आपस में दोस्त हैं।

पुल से टकराकर गंगा में डूबी नाव, दो लापता

पटना । बिहार के वैशाली जिले के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाव अनियंत्रित होकर निमार्णाधीन छह लेन पुल के पाया नंबर 55 से टकराकर गंगा नदी में डूब गयी। नाव में बैठे दो लोग लापता हो गये है जबकि नाविक समेत तीन व्यक्ति किसी तरह नदी से बाहर निकल आये। लापता दोनों लोगों की नदी में खोजबीन की जा रही है। लापता लोग गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र अंतर्गत तेरसिया पंचायत निवासी अवधेश राय एवं राकेश कुमार हैं। स्थानीय गोताखोर एवं एसडीआरएफ टीम की सहयोग से नदी में लापता व्यक्तियों की खोज की जा रही है। बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात लगभग 11:30 बजे पटना जिला अंतर्गत काला दियारा से नाविक नाव पर करीब 150 बोरा भांग लोड करके गंगा ब्रिज थाना अंतर्गत तेरसिया पंचायत लेकर जा रहे थे। इस बीच सिक्स लाइन पाया नंबर 55 से नाव टकराकर नदी में डूब गयी। घटना के संबंध में रुस्तमपुर थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने आज बताया कि नाव डूबने की सूचना मिली है। मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि दो व्यक्ति लापता बताए गए हैं। नदी में बचाव टीम दोनों की खोज कर रही है।

संदीप घोष को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया?

कोलकाता। तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस पर तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सीबीआई को आड़े हाथों लिया। अभिषेक ने पूछा कि आरजी कर मामले में सीबीआई जांच के बावजूद अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा, "मामला 4 दिनों तक पुलिस के हाथ में था। इसके बाद से ही ये मामला सीबीआई के हाथ में है। सीबीआई को जवाब देना चाहिए कि इस मामले में संदीप घोष को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया।" आरजी कर मामले में अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप की भूमिका पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। घटना के दिन उनकी भूमिका पर हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सवाल उठ चुके हैं।

पानी और रोजगार की जरूरतः रामकिशन

● पाँचना बाँध से कमालपुरा तक नहर बना कर बाण गंगा नदी में पानी लाने की रखी माँग

चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह) भरतपुर के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि जहाँ भरतपुर और डीग में पानी और रोजगार की जरूरत है वही देश और दुनिया के समक्ष पर्यावरण ' और आतंकवाद तथा आर्टीफिसल इन्टेलिजेन्सी बड़ी चुनौती है ' इन तीनों का समाधान ढूढ़ना सरकारों की पहली प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिये ।

पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन गत दिन वैर तहसील के ग्राम बड़ी आमौली में आयोजित किसानों की बैठक में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि जहाँ आतंकबाद से दुनिया परेशान है वही पर्यावरण का असंतुलन भी बड़ा खतरा है और आर्टीफिसल इन्टेलिजेन्सी के कारण तो और बहुत ज्याद बेरोजगारी बढ़ जायेगी ।

पंड़ित रामकिशन ने कहा कि जब कार और हबाई जहाज बिना ड्राईवर के चलेगे तो समझो दुनिया के करोड़ों ड्राईवरों का क्या हाल होगा और जब मशीन ही रोग आयु और दबा बतायेगी तो फिर मैडिकल लाइन से जुड़े लोगों की क्या स्थिति होगी सीधा मतलब है बेरोजगारी का और बुरा हाल हो जायेगा इसलिये सरकारों और जानकारों को इन आने बाली चुनौतिया के लिये तैयार रहना चाहिये । उन्होंने कहा कि कुछ काम जैसे अधिक संख्या में पेड़ पौधे लगाना ' पानी का दोहन कम करने तथा पोलोथीन का उपयोग नहीं करने तथा उन्हें इकठ्ठा करने की जरूरत आम आदमी की जरूरत बताया ।

जबकि किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने कहा कि समाज सुधार के कार्यो को करने के साथ ही किसानों को भी संगठित होने की जरूरत हैं ' किसानों को गांवों गाँवों में कमेटियों का गठन करना चाहिये तथा उपज का लाभकारी मूल्य और सिंचाई पानी तथा अन्य सरकारी सुवधाओं के लिये सदेव संघर्ष के लिये तैयार रहना चाहिये । किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि सरकार को रामगढ़ बाँध के अतिक्रमणों को भी हटाना चाहिये तथा बाणगंगा नदी में पानी लाने का काम करना चाहियो ।

किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को सरकार द्वारा 50% जल निर्भरता पर ही आगे बढ़ाना चाहिये ताकी सूखी पड़ी बाणगंगा नदी ' रुपारेल जैसी सभी नदियों और बाँधो में पानी लाया जा सके । उन्होंने कहा कि खेती की लागत बढ़ने से ही किसान कर्जदार होता जा रहा है सरकार को मंहगे खाद , बीज ' कीटनाशक दवाईयो , डीजल , ट्रेक्टर आदी के मूल्यों पर भी नियंत्रणा करना चाहिये । राज्य सरकार को इआरसीपी के समझौते को भी सामने लाना चाहिये ।

दोनों नेताओं ने सरकार को सुझाब देते हुऐ कहा कि पाँचना बाँध में से पर्यात पानी छोड़ा जाता है ऐसी स्थिति में बाणगंगा नदी में भी पानी लाने के लिये पाँचना सें कमालपुरा गाँव तक नहर बनाकर गम्भीर और बाणगंगा नदियों को आपस में जोड़ना चाहिये ताकी अधिक पानी की आवक पर बाणगंगा नदी में भी पानी आ सके । इस सुझाब का बैठक में मौजूद किसानों ने पुरजोर समर्थन किया और सरकार से दोनों नदियों को आपस में जोड़ने के लिये नहर बनाने की माँग की ।

बैठक में तय किया गया कि सिंचाई पानी सहित तमाम माँगों को लेकर जल्द ही क्षेत्र के किसान प्रदर्शन की तारीख तय करेंगे ।

बैठक में हीरा सिंह जाट' गंगासहाय पंड़ित ' सत्यभान सरपंच मूड़िया साद ' केदार ' रमन पंडित ' ने भी अपने विचार प्रकट किये । इस बैठक में नैवाड़ी ' उटारदा सहित कई गाँवों के किसानों ने हिस्सा लिया । बैठक की अध्यक्षता घीसी पंड़ित ने की जवकि संचालन विष्णु ने किया।

स्कूलों में बच्चों को पढ़ाया जाएगा यौन शिक्षा जागरुकता का पाठ

संवाददाता

कोलकाता। बच्चे का मन मुलायम मिट्टी की तरह होता है। इसे आसानी से रचनात्मक आकार दिया जा सकता है। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) स्कूलों में बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में पढ़ाएगा। यह पहल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (पश्चिम बंगाल), राज्य शिक्षा विभाग और इको इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से की जाती है। नगर पालिका के स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. तपन कुमार मुखोपाध्याय ने कहा, ह्रयह मूल रूप से एक स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम है। यह पहल छात्रों के शरीर और दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए है। जैसे यह सिखाएगा कि कौन से खाद्य पदार्थ पौष्टिक हैं, वैसे ही यह यौवन की विभिन्न समस्याओं और उनसे आसानी से कैसे बचा जाए, यह भी सिखा जाएगा। आरजी कर कांड के बाद समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने इस पहल की सराहना की है। नगर निगम सूत्रों के मुताबिक यह पहल सबसे पहले डायमंड हार्बर पुलिस जिले में शुरू हो रही है। डायमंड हार्बर के कई स्कूलों से एक सौ शिक्षकों का चयन किया गया। इन्हें सप्ताह में दो बार प्रशिक्षण दिया जाएगा।शिक्षक स्कूल जाकर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देंगे। पूरे पाठ्यक्रम में ग्यारह मॉड्यूल। पहला मॉड्यूल, ह्रयौवन समस्याओं से कैसे निपटें मंगलवार को कोलकाता नगर परिषद में इस पर चर्चा हुई। मनोचिकित्सक डॉ. अभय दे के अनुसार, यौवन असंख्य समस्याओं का कारण है। इस बीच, एक किशोरी लड़की महिला बनने की राह पर है, एक किशोर पुरुष बनने की राह पर है। इस दौरान दोनों में विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण विकसित हो जाता है। शरीर में कुछ बदलाव होते रहते हैं। उन्हें बिल्कुल प्राकृतिक दिखना चाहिए। लड़कियों के मासिक धर्म को लड़कों के 'यौन सपने' के साथ नहीं देखना चाहिए। सीधे चर्चा करनी होगी। अगर आप अपराध बोध पर काबू पाकर उन्हें बात आसानी से समझाएंगे तो अगला दिन काफी आसान हो जाएगा। राज्य शिक्षा विभाग, इको इंडिया और कोलकाता नगर पालिका संयुक्त रूप से इस स्कूल स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम को शुरू कर रहे हैं। इस आयोजन में शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दिया जाएगा। मूल रूप से इस प्रशिक्षण में कोलकाता नगर पालिका के डॉक्टर-प्रशिक्षक अहम भूमिका निभाएंगे। इस कार्यक्रम में डिप्टी मेयर अतीन घोष, कोलकाता नगर पालिका के स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. तपन कुमार मुखोपाध्याय, इको इंडिया के उपाध्यक्ष डॉ. संदीप भल्ला उपस्थित थे।

बीजेपी के बंद का सबसे ज्यादा असर रेलवे सेवाओं पर पड़ा, विधायकों की अगुवाई में ट्रेन रोकी गई

संवाददाता

कोलकाता। बीजेपी की ओर से बुलाए गए 12 घंटे के बांग्ला बंद का सबसे ज्यादा असर रेल सेवाओं पर पड़ा। बुधवार सुबह से ही राज्य भर के स्टेशनों पर ट्रेन रोकने की खबरें आ रही हैं। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने मेट्रो स्टेशन के गेट भी बंद करने की कोशिश की। कुछ जगहों पर बीजेपी विधायक हड़ताल को सफल बनाने के लिए मैदान में उतरे हैं। मुर्शिदाबाद में गौरी शंकर घोष, कल्याणी में अशोक कीर्तनयाद के नेतृत्व में रेल अवरोध चला। इससे दैनिक यात्रियों को काफी परेशानी हुई। उन्हें अंतिम समस्या का सामना करना पड़ा। हालांकि पुलिस सभी जगहों से नाकेबंदी हटाकर रेल यातायात को सामान्य करने के लिए काफी सक्रिय थे । आरजी कर अस्पताल मुद्दे पर 'पश्चिम बंगाल छात्र समिति' द्वारा बुलाए गए नवान्न अभियान को रोकने के लिए पुलिस पर बर्बरता का आरोप उठा है। मंगलवार को वही अभियान खत्म होने से पहले बीजेपी ने बुधवार को 12 घंटे की बंद का आह्वान किया था। पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक बंद को सफल बनाने के लिए उत्सुक हैं। उसका सबसे बड़ा प्रभाव रेल सेवाओं पर पड़ा है। सुबह 7 बजे से सियालदह-बनगांव शाखा की अप और डाउन लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई है। काम पर जाने वाले यात्रियों को अत्यधिक उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा है। हृदयपुर के एक यात्री ने कहा, "मैं सुबह एक घंटे से स्टेशन पर इंतजार कर रहा हूं। रेलगाड़ी रुकने का स्थान मैं टिकट काउंटर पर गया तो पता चला कि अप-डाउन की कोई ट्रेन नहीं चल रही है। काउंटर से टिकट भी नहीं दिया जा रहा है। यह कब सामान्य होगा, इसके बारे में रेलकर्मी भी कुछ नहीं बता सके।" रानाघाट के एक यात्री ने बताया कि बीजेपी समर्थक झंडे लेकर रेलवे लाइन को ब्लॉक कर दिए। सांसद जगन्नाथ सरकार मौके पर पहुंचे। सियालदह-राणाघाट शाखा पर ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद। भाजपा समर्थक सियालदह दक्षिण शाखा के डायमंड हार्बर के उत्तरी राधानगर और लक्ष्मीकांतपुर के मथुरापुर में रेलवे को अवरुद्ध किये। इस तरह गेरुआ शिबिर के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने दक्षिण बंगाल के विभिन्न हिस्सों में रेलवे अबरोध में भाग लिया। बीरभूम के आसनसोल में भी यही तस्वीर। हालांकि, कई स्थानों पर रेलवे पुलिस ने अवरोधकों को हटा दिया और ट्रेनों की आवाजाही फिर से सामान्य कर दी।

अमानवीय कृत्य मामले में पांच गिरफ्तार, वीडियो वायरल के बाद पुलिस की कार्रवाई तेज

एजेंसी

अररिया । अररिया में चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक के साथ लिए गए अमानवीय कृत्य का वीडियो मंगलवार को वायरल होने के बाद पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।एसपी अमित रंजन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले में संलिप्त सभी आरोपितों की शिनाख्त कर गिरफ्तारी करने का सख्त निर्देश दिया है, जिसके आलोक में अब तक कुल पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है,जिसकी पुष्टि एसपी अमित रंजन ने भी की है।

मामले में अब तक इस्लामनगर वार्ड नंबर 2 के रहने वाले मो.सिफत,भगत टोला के रहने वाले 28 वर्षीय रवि साह उर्फ विकास ,जोकीहाट डुब्बा टोला के रहने वाले 20 वर्षीय मो. कैफ,अररिया आजाद नगर वार्ड संख्या 20 के रहने वाले 20 वर्षीय मो. उमर ,22 वर्षीय मो. रागिब को गिरफ्तार किया है।मो.सिफत और रवि साह की गिरफ्तारी पुलिस ने वीडियो वायरल के साथ ही कर ली थी।

अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी की लिए पुलिस की छापेमारी अभी भी चल रही है। अमानवीय कृत्य को अंजाम देने वाले वीडियो के वायरल होने के बाद एसपी अमित रंजन के द्वारा तकनीकी शाखा के द्वारा वीडियो का सत्यापन कराया गया था।जो सत्य पाया गया,जिसके बाद नगर थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 451/24 धारा 109,117(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। एसपी अमित रंजन ने सोशल मीडिया के माध्यम से आम लोगों से अपील की है कि और मानवीय कृत को अंजाम देने वाले वीडियो को वायरल किया जाना एक दंडनीय अपराध है और ऐसे वीडियो वायरल करने से लोगों को बचना चाहिए।उन्होंने इस तरह के मामले में पुलिस या 112 डायल को सूचित करने की अपील की।साथ ही कानून को हाथ में न लेने की अपील आमजनों से की है।

जो काम पहले सीपीएम करती थी वही काम अब ममता सरकार कर रही : ललन सिंह

एजेंसी

पटना। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ ममता बनर्जी सरकार में जिस तरीके की घटना हो रही है उससे ऐसा लगता है कि वहां पर सुशासन है ही नहीं। क्योंकि, जिस राज्य की मुख्यमंत्री महिला हों और वहां पर महिलाओं के साथ ऐसी घटना हो रही है।

इसके बाद लाठीचार्ज और टियर गैस के गोले दागें जाएं ये समझ से परे है। केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह बुधवार को पटना से दिल्ली रवाना होने से पहले एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने ममता बनर्जी सरकार की तुलना सीपीएम से की। साथ ही कहा कि पश्चिम बंगाल में जो काम पहले सीपीएम करती थी वही अब ममता बनर्जी कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि कोलकाता के एक अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले में पूरे देश में भारी विरोध-प्रदर्शन हो रहा है। भाजपा ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में बंद बुलाया है।

इसके पहले छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर पुलिस ने जमकर बल प्रयोग किया, जिसे लेकर काफी हंगामा हुआ है। अब पुलिस के बल प्रयोग को लेकर राजनीति गर्म हो गयी है।

हम रेप विरोधी कानून पारित करेंगे, ममता ने दी चेतावनी

कोलकाता। 10 दिन के अंदर आरजी कर मामले के दोषियों को फांसी दी जाए। इस मांग में तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस कार्यक्रम से तृणमूल नेता और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शामिल हुईं। इस दिन उन्होंने कहा कि बलात्कार विरोधी कानून पारित किया जायेगा। ममता ने राज्यपाल के हस्ताक्षर नहीं करने पर राजभवन को घेरने की भी धमकी दी। उन्होंने कहा, "मैं रेप मामले में दोषी को फांसी देने का बिल विधानसभा में लाऊंगा। इस पर राज्यपाल को हस्ताक्षर करना होगा। यदि नहीं तो बंगाल की महिलाएँ राजभवन को घेर लेंगी। हड़ताल जारी रहेगी। आरजी कर मामले पर बांग्ला में हंगामा जारी है। दोषियों को सजा देने की मांग कर रहे समुदायों का गठबंधन। मंगलवार को पश्चिम बंगाल के छात्रों ने नवान्न अभियान का आह्वान किया। भाजपा ने पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाते हुए ।

संक्षिप्त खबरें

नकदी व कागजात चोरी करने वाले आरोपित गिरफ्तार

राजगढ़। देहात ब्यावरा थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीन दिन पहले ग्राम पड़ोनिया स्थित दुकान के अंदर घुसकर गल्ला पेटी से नकदी व जरुरी कागजात चोरी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से नकदी बरामद कर अदालत में पेश किया। गोविंद मीना ने बताया कि 26 अगस्त को ग्राम पड़ोनिया निवासी गोकुलप्रसाद (45) पुत्र बापूलाल दांगी ने शिकायत दर्ज कि बीती रात अज्ञात बदमाश दुकान में घुसकर गल्ला पेटी से तीन हजार रुपए नकद व आधार कार्ड, वोटर आईडी चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया। विवेचना के दौरान वरिष्ठ अफसरों के मार्गदर्शन में गठित टीम ने अंकित (21) पुत्र पप्पूलाल मीना निवासी कुंभराज और अंकेश(19)पुत्र रामबाबू मीना निवासी कुंभराज को गिरफ्तार किया।

जिला प्रशासन ने जीपीएस हॉस्पिटल को किया सील

जालौन। प्रसव के लिए आई महिला व बच्चे की मौत के मामले को लेकर जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए जेपीएस हॉस्पिटल को सील कर दिया है। यह कार्यवाही पीड़ित द्वारा की गई शिकायत के बाद हुई है। शिकायत में पीड़ित द्वारा हॉस्पिटल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया था। इसके बाद एसीएमओ ने बुधवार को बिना मानक के चल रहे हॉस्पिटल को सील कर दिया। बता दें कि पूरा मामला जालौन के कोंच नगर का है। यहां पर एक हफ्ते पहले प्रसव पीड़ा के दौरान गर्भवती महिला को परजनों ने जेपीएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। इलाज देने के बाद भी उसे रेफर कर दिया गया था।

दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट को एनसीवीईटी की मान्यता

रिद्वार। नई दिल्ली स्थित कौशल भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट को राष्ट्रीय व्यवसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) का प्रत्यायन प्रदान किया गया। इस मान्यता के बाद दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट अब कौशल का मूल्यांकन कर पुरस्कार प्रदान करने वाली संस्था बन गई है। इस अवसर पर दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि इस मान्यता से पतंजलि के कौशल विकास, आत्मनिर्भर भारत और रोजगार सृजन के प्रयासों को बल मिलेगा। अब इस संस्थान के 60 से अधिक व्यवसायिक शिक्षा के कोर्स से देशवासियों को लाभान्वित किया जा सकेगा।

कुल्हाड़ी से काटकर बुजुर्ग की हत्या

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात को एक बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए मामले की जांच के लिए दो टीमें गठित कर दी है। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी केशव कुमार ने बुधवार को बताया कि गांव का बलवंत (85) मंगलवार की शाम खेत जाने के लिए घर से निकला और रात तक वापस नहीं लौटा। इस पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू कर दी। गांव से बाहर बाग किनारे बलवंत का खून से सना हुआ शव पड़ा मिला।

वेश्यावृति मामले में महिला और होटल कर्मी गिरफ्तार

कुल्लू। पर्यटन नगरी मनाली में पुलिस ने वेश्यावृति मामले में 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस रिमांड हासिल करने के लिए न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया को पुलिस द्वारा पूरा किया जा रहा है। घटना मनाली थाना के अंतर्गत उस दौरान सामने आई जब पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हिडिंबा सड़क मार्ग पर स्थित होटल में वेश्यावृति का कारोबार किया जा रहा है। एक महिला और होटल कर्मी होटल के कमरों को देह व्यापार के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। सूचना मिलते ही बीती रात पुलिस ने पूरी योजना बना कर होटल में दबिश दी जहां से पुलिस ने वेश्यावृति करवाने वाली महिला तथा होटल में तैनात कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया।

अमेरिका में नेपाली छात्रा की गोली मारकर हत्या

काठमांडू। अमेरिका में एक नेपाली छात्रा की बीती रात गोली मार कर हत्या कर दी गई है। टेक्सास राज्य के ह्युस्टन में इस नेपाली छात्रा की उसके ही अपार्टमेंट में गोली मार कर हत्या किए जाने की जानकारी मिली है। ह्युस्टन पुलिस ने बताया कि 21 वर्षीया नेपाली छात्रा मुना पाण्डे की उसके ही अपार्टमेंट में गोली मार कर हत्या कर दी गई है। पुलिस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि मृतक युवती के शरीर में एक साथ कई बुलेट लगने के निशान हैं। हत्या के कारण के बारे में अब तक पुलिस ने कुछ भी नहीं बताया है। मृतका मुना पाण्डे नेपाल के भोजपुर जिले की बताई गई है। नेपाली एसोसिएसन आफ ह्युस्टन के उपाध्यक्ष द्रोण गौतम के अनुसार स्नातक अध्ययन के लिए 2021 में अमेरिका गई पाण्डे ह्युस्टन कम्युनिटी कॉलेज में नर्सिंग विषय की पढ़ाई कर रही थी।

कार पर सीमेंट से भरा ट्रेलर चढ़ा, चार की मौत

सीकर। रींगस क्षेत्र के नजदीक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। सीमेंट से भरे हुए भारी भरकम ट्रेलर के नीचे कार दब गई। कार में चार लोग सवार थे। उनमें दो महिला और दो पुरुष शामिल थे। हादसे में कार सवार चारों लोगों की मौत हो चुकी है। हादसा बुधवार सुबह रींगस में जयपुर-बीकानेर एनएच-52 पर हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मुश्किल से बाहर निकाला। सभी को रींगस के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कार में सवार चारों लोग झुंझुनूं जिले के प्रतापपुरा के निवासी थे और जयपुर जा रहे थे। रींगस थानाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि प्रतापपुरा के रहने वाले रिटायर्ड फौजी राजकुमार मीणा (45) मां संज्या देवी मीणा (60) को डॉक्टर को दिखाने जयपुर जा रहे थे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए डिजिटल डिपॉजिट रिफन्ड सिस्टम का शुभारंभ

प्लास्टिक की समस्या संपूर्ण विश्व के लिए चुनौती बन गई : धामी

- पर्यटन स्थलों में प्लास्टिक की बड़ी समस्या के तौर पर सामने आती है
- समाधान के लिए राज्य सरकार ठोस कदम उठा रही है

देहरादून। एजेंसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से संचालित प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेंट के डिजिटल डिपॉजिट रिफन्ड सिस्टम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं प्लास्टिक की बोतल को बार कोड से स्कैन कर डिजिटल पेमेंट प्राप्त किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक की खपत को कम करने और अधिक से अधिक प्लास्टिक को रिसाइकल कर उसे इस्तेमाल में लाने के लिए डिजिटल डिपॉजिट रिफन्ड सिस्टम का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण कदम है।

डिजिटल डिपॉजिट रिफन्ड सिस्टम को धरातल पर उतारने के लिए समन्वय से कार्य किये जाएं। यह पहल चार धाम यात्रा और अन्य पर्यटन स्थलो में भी कूड़े की खपत को कम करते हुए स्वच्छता का वातावरण बनाने में सहायक सिद्ध होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक की समस्या संपूर्ण विश्व के लिए चुनौती बन गई है। धार्मिक और पर्यटन स्थलों में प्लास्टिक की बड़ी समस्या के तौर पर सामने आती है। इसके समाधान के लिए राज्य सरकार ठोस कदम उठा रही है। राज्य में स्वच्छता का वातावरण बनाते हुए क्लीन उत्तराखंड, ग्रीन उत्तराखंड पर सरकार विशेष फोकस कर रही है। राज्य की प्राकृतिक संपदा हम सभी के जीवन का अभिन्न अंग है, इसको सुरक्षित रखना भी हम सभी की सामुहिक जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल डिपोजिट रिफन्ड सिस्टम को दो साल पहले पायलट प्रोजेक्ट के रूप में उत्तराखंड में लाया गया था। जिसके सफल संचालन के लिए उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले को डिजिटल इंडिया अवॉर्ड 2022 से भी सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि नदियां, जंगल, पहाड़ राज्य की धरोहर और पहचान है। प्लास्टिक हमारी इन धरोहरों को खतरे में डाल रही है। जिसके निस्तारण के लिए राज्य सरकार विज्ञान व आधुनिक तकनीक के प्रयोग से कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2014 में स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की गई थी। जिससे भारत में स्वच्छता के क्षेत्र में नई क्रांति का संचार हुआ था।

स्वच्छकारों के पुनर्वासन और समस्याओं के समाधान की मांग : भगवत प्रसाद

देहरादून। एजेंसी

राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात कर हाथ से मैला उठाने वाले स्वच्छकारों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वासन तथा सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग की।

इस बैठक में भगवत प्रसाद मकवाना ने वाल्मीकि समाज सफाई कर्मचारियों की 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्य सचिव को सौंपा, जिसमें स्थाई पदों को सृजन, सफाई कर्मचारियों के लिए बीमा सुविधा, ठेकेदारी प्रथा का अंत, और शिक्षित सफाई कर्मचारियों को पदोन्नति दिया जाना प्रमुख है। भगवत प्रसाद मकवाना ने यह भी आग्रह किया कि सफाई कर्मचारियों को मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार प्रतिदिन 500 रुपए का मानदेय दिया जाए। इसके अलावा अनुसूचित जातियों को जाति प्रमाण पत्र राज्य गठन की तिथि से लागू किया जाए, और सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महिला सदस्य की नियुक्ति शीघ्र की जाए।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने समाज कल्याण, शहरी विकास, जल संस्थान आदि विभागों के अधिकारियों को सफाई कर्मियों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने और मैला उठाने वाले स्वच्छकारों के पुनर्वासन की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में समाज कल्याण सचिव नीरज खैरवाल, शहरी विकास के अपर निदेशक डॉ. ललित नारायण मिश्रा, और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कांग्रेस और भाजपा ने हरियाणा को लूटने का काम किया : सुनैना

फतेहाबाद। एजेंसी

इनेलो महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव सुनैना चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश के हालात बद से बदत्तर हो चुके हैं। महिलाएं बढ़ती महंगाई से परेशान हैं, युवा बेरोजगारी से और किसान अपनी फसलों को लेकर परेशान है। व्यापारियों में आज भय का माहौल है। भाजपा सरकार ने हरियाणा की जनता को सिवाय परेशानियों के, कुछ नहीं दिया। ऐसे भाजपा सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। पहले 10 साल कांग्रेस ने और उसके बाद 10 साल भाजपा ने हरियाणा को लूटने का काम किया है। हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा और कांग्रेस से त्रस्त जनता इनेलो-बसपा गठबंधन को जिताने का मन बना चुकी है। जननायक चौ. देवीलाल के जन्मदिवस पर होने वाली रैली में उमड़े वाला जनसैलाब इस बात पर मोहर लगाने का काम करेगा। सुनैना चौटाला बुधवार को फतेहाबाद विधानसभा के ग्रामीण दौरे के दौरान आयोजित सभाओं को संबोधित कर रही थी।

सीओ बताकर सेवानिवृत उपनिरीक्षक से 15.87 लाख की ठगी

मुरादाबाद। महानगर के थाना मझोला क्षेत्र निवासी सेवानिवृत उपनिरीक्षक ने थाना साइबर क्राइम पुलिस को दी तहरीर में से 15 लाख 87 हजार रुपये की साइबर ठगी का आरोप लगाया। थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मझोला के लाइनपार निवासी उदयवीर पुलिस विभाग से दरोगा से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने थाना साइबर क्राइम को दी तहरीर में बताया कि दो दिन पूर्व उनके पास एक अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को ट्रेजरी दफ्तर का सीओ बताया था। इसके बाद आरोपित ने कहा कि पीएफ की रकम आपके खाते में भेजनी है। इसके बाद ठग ने उनके खाते, डेबिट कार्ड व अन्य जानकारी ले ली।

वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में चिली की भागीदारी को महत्व देता है भारत : डॉ. जयशंकर

नई दिल्ली। एजेंसी

- भारत-चिली संयुक्त आयोग की पहली बैठक कोविड के समय में वर्चुअली हुई थी

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में चिली की भागीदारी को अत्यधिक महत्व देता है। नई दिल्ली में आयोजित द्वितीय भारत-चिली संयुक्त आयोग की बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने चिली समकक्ष अल्बर्टो वान क्लावेरेन का स्वागत किया। जयशंकर ने कहा कि भारत-चिली संयुक्त आयोग की पहली बैठक कोविड के समय में वर्चुअली हुई थी। ऐसे में इस साल व्यक्तिगत रूप से मिलने का अवसर खुशी की बात है।

उन्होंने कहा कि हम वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में चिली की भागीदारी को बहुत महत्व देते हैं। 17 अगस्त को आयोजित तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक के व्यावहारिक वक्तव्य की प्रशंसा करते हुए जयशंकर ने कहा कि हमने आपके राष्ट्रपति को सुना। उन्होंने अगस्त में शिखर सम्मेलन में बहुत ही व्यावहारिक टिप्पणियां कीं और हम विस्तारित सुरक्षा परिषद में हमारी स्थायी सदस्यता के लिए आपके समर्थन के लिए भी आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं। जयशंकर ने कहा कि नवंबर 2023 में व्यापार और आर्थिक मंत्रियों की बैठक में चिली की भागीदारी भी ऐसी चीज है जिसकी हम बहुत सराहना करते हैं। विदेश मंत्री ने कहा आज हमारे पास चर्चा करने के लिए बहुत कुछ है।

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार ने की पाकिस्तान के उच्चायुक्त से मुलाकात

द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर की चर्चा

ढाका। एजेंसी

बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने मंगलवार को पाकिस्तान के उच्चायुक्त सैयद अहमद मारोफ से मुलाकात की। उच्चायुक्त मारोफ ने बताया कि बांग्लादेश में आई बाढ़ के कारण होने वाली तबाही से पाकिस्तान की सरकार ने चिंता जताने के साथ ही राहत सामाग्री की एक सूची साझा की जो जरूरतमंद लोगों को देने के लिए तैयार है। जिसे एक इशारे पर बेहद कम समय में वितरित किए जा सकता है। उन्होंने दोहराया कि पाकिस्तान राहत उपायों में सहायता के लिए तैयार है।

उच्चायुक्त ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग को मजबूत करने की गहरी इच्छा व्यक्त करते हुए बहुपक्षीय वार्ता की। उन्होंने कहा कि हमारे दो लोगों को जोड़ने वाले बिरादरी के मजबूत बंधन साझा इतिहास, सामान्य विश्वास, सांस्कृतिक समानताएं और हितों को परिवर्तित करने में गहराई से निहित हैं। उच्चायुक्त ने सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए दोनो देशों के बीच के संपर्कों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान द्वारा समर्थित आर्थिक और व्यापार संबंधों पर मुख्य ध्यान केंद्रित किया गया। वीजा प्रक्रिया में आसानी और पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच सीधी उड़ानों को फिर से शुरू करने पर भी चर्चा करने के साथ आपसी व्यापार को बढ़ाने और लोगों को आपस में जोड़ने की वकालत की जो दोनों देशों के लिए पारस्परिक रूप से फायदेमंद है। छात्रों, युवाओं, व्यवसाय और सांस्कृतिक आदान -प्रदान से संबंधित सहयोगों के विभिन्न मार्गों पर भी चर्चा की गई।

मुख्य सलाहकार ने द्विपक्षीय और क्षेत्रीय सहयोग विशेष रूप से सार्क और दक्षिण एशिया के लोगों को जोड़ने और उनके जीवन को बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को साझा किया। उन्होंने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों और सार्क पर विचारों की आम सहमति को बढ़ावा देने में सराहना की और आपसी हितों की दिशा में काम करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े लोग भी मुख्य धारा में शामिल हुए : धामी

देहरादून। एजेंसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जन-धन योजना के एक दशक सफलता पूर्वक पूरा होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस योजना से सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े लोग भी मुख्य धारा में शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में लिखा कि सशक्त वित्तीय समावेशन का एक दशक पूर्ण। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जन-धन योजना के माध्यम से 10 वर्षों में देश के वित्तीय समावेशन की दिशा में एक क्रांतिकारी बदलाव आया है। इस योजना ने करोड़ों भारतीयों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़कर वित्तीय सुरक्षा को सुनिश्चित किया है और आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दस साल की इस यात्रा में जन-धन योजना से सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग भी मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। इस योजना की सफलता के साथ हम सभी को एक सशक्त और समृद्ध भारत की ओर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

शिक्षा देने वाले रविकांत को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

मीरजापुर। बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्राथमिक विद्यालय भगेसर के प्रधानाध्यापक रविकांत द्विवेदी को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से नवाजा जाएगा। पांच सितंबर को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उप्र में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित दो शिक्षकों में जनपद के पहाड़ी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय भगेसर के प्रधानाध्यापक रविकांत द्विवेदी को चुना गया है। जिले से इस पुरस्कार के लिए रविकांत और कंपोजिट विद्यालय रानी कर्णावती की प्रधानाध्यापिका मधुरिमा तिवारी साक्षात्कार में शामिल हुई थी।

मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना लोनीकटरा पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया। वहीं दो अन्य बदमाशों को भी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों का एक साथी भाग निकला है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगी हैं। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराते हुए पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई है। एएसपी दक्षिणी डॉ अखिलेश नारायण ने बुधवार को बताया कि थाना लोनीकटरा पुलिस द्वारा ग्राम अखईयापुर अंडरपास के पास रात्रि से वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान भोर के समय चार युवक एक ऑटो से आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। बदमाशों की फायरिंग का पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल गिरफ्तार बदमाश ने अपना नाम राहुल कोरी पुत्र रामचन्द्र निवासी गंगापुर संसारा थाना हैदरगढ़ जिला बाराकंकी बताया। पुलिस ने उसके अन्य दो साथियों ललित किशोर द्विवेदी पुत्र रामसेवक निवासी फतेहपुर थाना लोनीकटरा व अरूणेश सिंह पुत्र राम बहादुर निवासी घरकुईंया थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी को घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया गया।

कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला को किया संबोधित, कहा

जिन्ना की तरह ही समाज को बांटने का कार्य कर रही है कांग्रेस-सपा

- महापुरुषों को सम्मान देने का कार्य कर रही है
- महाराजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर बना विश्वविद्यालय इसका उदाहरण है

अलीगढ़। एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोगों के अंदर जिन्ना की आत्मा घुस गई है। जिन्ना ने देश का विभाजन करने का पाप किया था, इसलिए वह अंतिम समय में घुट-घुट कर मरा था। समाज को बांटकर यही पाप कांग्रेस और सपा कर रही है। उन्होंने कहा कि आज जब देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, तब ये लोग समाज को तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। 2014 में पीएम मोदी के आने के बाद से देश नई बुलंदियों की तरफ आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ समूचा विपक्ष समाज में जाति का विष घोल कर अराजकता फैलाने का कार्य कर रहा है। सीएम योगी ने बुधवार को जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला को संबोधित किया। साथ ही युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के साथ ही विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपने समय में कोई काम नहीं किया, सिर्फ कारनामे किए, आज उन्हें प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज पसंद नहीं आ रहा है। यही समाजवादी पार्टी के लोग हैं, जो कहते थे कि लड़के हैं और लड़कों से गलती हो जाती है। यही लोग हैं जो बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करते थे।

सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बेटी और व्यापारी के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए यमलोक का रास्ता खुला हुआ है। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया को बेटियों की सुरक्षा पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है।

अयोध्या, कन्नौज और कोलकाता की घटना पर उनकी जुबान नहीं खुलती है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा के लोगों को जब भी सत्ता प्राप्त हुई तो सामाजिक ताने-बाने को छिन्न भिन्न करने का कार्य किया। अपनी योजनाओं के माध्यम से तुष्टीकरण करते थे और समाज को विकास की धारा से विमुख करने का कार्य करते थे।

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और महाराजा महेंद्र प्रताप सिंह जैसे राष्ट्र नायकों का अपमान किया है। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा ही है, जो इन महापुरुषों को सम्मान देने का कार्य कर रही है। महाराजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर बना विश्वविद्यालय इसका उदाहरण है। कांग्रेस और सपा के लोगों को सिर्फ अपना परिवार दिखता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। अराजकता, अव्यवस्था और गुंडागर्दी की छूट किसी को नहीं देंगे।

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट था। आज यूपी की गिनती देश के अग्रणी राज्यों में होती है। इसलिए आप सब इस प्रगति को रुकने मत दीजिएगा, क्योंकि समाजवादी पार्टी के लोगों को अगर अवसर मिला तो वे प्रदेश में दंगा, लूटपाट और अराजकता फैलाएंगे।

डिजिटल मीडिया पॉलिसी से नये रोजगार का सृजन होगा : राकेश

- डिजिटल मीडिया पॉलिसी से नये रोजगार का सृजन होगा
- योगी सरकार नवाचारों के साथ चलती है

लखनऊ। एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने योगी सरकार की डिजिटल मीडिया पॉलिसी की सराहना करते हुए कहा कि इससे नये रोजगार का सृजन होगा। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने बुधवार को कहा कि डिजिटल मीडिया पॉलिसी से नये रोजगार का सृजन होगा। योगी सरकार नवाचारों के साथ चलती है।

भाजपा सरकार समाज में हो रहे बदलावों पर ध्यान रखती है। राकेश त्रिपाठी ने योगी सरकार की सोशल मीडिया पॉलिसी पर कहा कि यूपी की सोशल मीडिया पॉलिसी देश भर में नजीर बनेगी। वहीं सोशल मीडिया परअफवाह फैलाकर कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कठोरता से शिकंजा कसा जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

आर्सेनल ने रियल सोसिएदाद से स्पेन के मिडफील्डर मेरिनो का अनुबंध पूरा किया

लंदन। आर्सेनल ने स्पेन के अंतरराष्ट्रीय मिडफील्डर मिकेल मेरिनो को अनुबंधित करने के लिए ला लीगा क्लब रियल सोसिएदाद के साथ समझौता कर लिया है। 28 वर्षीय मेरिनो 33.5 मिलियन यूरो (37 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की शुरुआती फीस पर चार साल के अनुबंध के साथ आर्सेनल में शामिल हुए, जिसमें प्रोत्साहन के आधार पर पांच मिलियन यूरो की अतिरिक्त राशि की संभावना है। मैनेजर मिकेल आर्टेटा ने आर्सेनल की वेबसाइट पर कहा मिकेल एक ऐसा खिलाड़ी है जो अपने अनुभव और बहुमुखी प्रतिभा के साथ हमें बेहतरीन गुणवत्ता प्रदान करेगा। कोच ने कहा मिकेल अपनी तकनीकी क्षमता, अपने मजबूत और सकारात्मक चरित्र और व्यक्तित्व के साथ हमारी टीम को काफी मजबूत बनाएगा। मेरिनो ने 2016 में बोरुसिया डॉर्टमुंड में शामिल होने से पहले ओसासुना के साथ अपना करियर शुरू किया और 2018 में स्पेन लौटने और पिछले छह साल रियल सोसाइडाड के साथ बिताने से पहले उन्होंने न्यूकैसल में लोन पर एक सीजन भी बिताया। 242 प्रदर्शनों में उनके 27 गोलों ने पिछले पांच वर्षों में सैन सेबेस्टियन-आधारित क्लब को यूरोप और साथ ही 2020 कोपा डेल रे (जो 2021 में खेला गया था) के लिए क्वालीफाई करने में मदद की है। स्पेन के लिए उन्होंने 28 बार खेला है। आर्टेटा ने कहा जैसा कि हम सभी ने गर्मियों में देखा, मिकेल भी एक विजेता है, पूरे यूरो में उनके मजबूत प्रदर्शन से स्पेन को टूर्नामेंट जीतने में मदद मिली।

उरुग्वे के डिफेंडर जुआन इजक्विएर्डो की मैच के दौरान गिरने से मौत

नई दिल्ली। उरुग्वे फुटबॉल क्लब नैशनल के डिफेंडर जुआन इजक्विएर्डो, जो पिछले सप्ताह अनियमित हृदयगति के कारण मैदान पर गिर पड़े थे, की मृत्यु हो गई है। वह 27 वर्ष के थे। उरुग्वे क्लब ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 22 अगस्त को साओ पाउलो के खिलाफ नैशनल के मैच के दौरान अनियमित दिल की धड़कन के बाद इजक्विएर्डो अस्पताल में अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे थे। यह घटना खेल के 84वें मिनट में हुई, जब इजक्विएर्डो अन्य खिलाड़ियों से संपर्क किए बिना ही बेहोश हो गए। चिकित्सा कर्मी उनकी सहायता के लिए दौड़े, उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में ले जाने से पहले मैदान पर ही तत्काल उपचार दिया गया। डॉक्टरों के बेहतरीन प्रयासों के बावजूद, इजक्विएर्डो की हालत अगले कुछ दिनों में बिगड़ती चली गई, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक बयान में नैशनल ने इस खबर की पुष्टि की।

यूएस ओपन 2024: धीमी शुरूआत से उबरकर दूसरे दौर में पहुंचे जननिक सिनर

नई दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी जननिक सिनर ने अपने इर्द-गिर्द चल रहे डोपिंग विवाद को नजरअंदाज करते हुए खराब शुरुआत से उबरते हुए मंगलवार को अमेरिकी खिलाड़ी मैकेंजी मैकडोनाल्ड पर 2-6, 6-2, 6-1, 6-2 से जीत हासिल कर अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम से पहले सप्ताह में सिनर विवादों में घिर गए थे, जब अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी ने कहा कि मार्च में एनाबॉलिक एजेंट के लिए उनका दो बार परीक्षण सकारात्मक आया था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन, जिन्होंने गलत काम करने से इनकार किया है, न्यूयॉर्क में अब तक गहन जांच के दायरे में हैं और शुरुआती दौर में धीमे रहे। उन्होंने शुरुआती सेट में कई अनफोर्स्ड एरर किए, जिसका मैकडॉनल्ड ने पूरा फायदा उठाकर शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। अमेरिकी खिलाड़ी ने दूसरे सेट में जल्दी ही ब्रेक करके 1-0 की बढ़त ले ली, लेकिन लंबे गेम में तीन ब्रेकपॉइंट गंवाने के बाद सिनर ने 1-1 से बराबरी कर ली। कड़ी मेहनत से हासिल की गई इस ब्रेक प्वाइंट से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी में आत्मविश्वास भर गया और उन्होंने मुकाबले का रुख बदल दिया।

हॉकी इंडिया ने की एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा

● पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले दस खिलाड़ी इस टीम का हिस्सा हैं

नई दिल्ली। एजेंसी

हॉकी इंडिया ने बुधवार को 8 से 17 सितंबर तक चीन के हुलुनबुइर में शुरू होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम की अगुआई दिग्गज ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह करेंगे और उनका साथ अनुभवी मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद उप-कप्तान के तौर पर देंगे। इस टूर्नामेंट में एशिया के शीर्ष हॉकी खेलने वाले देश भारत, कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। टीम की संरचना को सावधानीपूर्वक चुना गया है, ताकि अनुभव और युवापन सुनिश्चित हो सके। पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले दस खिलाड़ी इस टीम का हिस्सा हैं। हार्दिक सिंह, मंदीप सिंह, ललित उपाध्याय, शमशेर सिंह और गुरजंत सिंह सहित पांच खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट के लिए आराम दिया गया है। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अभियान है, ताकि हम अपने रैंकिंग अंकों को बेहतर बना सकें। पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में हमारे प्रदर्शन के बाद जश्न मनाने के बाद टीम अभी शिविर में लौटी है। पिछले कुछ सप्ताह टीम के लिए प्यार और प्रशंसा के साथ वास्तव में अविश्वसनीय रहे हैं और हमें उम्मीद है कि यह समर्थन हमारे भविष्य के अभियानों में भी जारी रहेगा।

उन्होंने कहा हमारे लिए नया ओलंपिक चक्र एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से शुरू होता है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं। हमने पेरिस में खेलने वाली टीम के कुछ खिलाड़ियों को आराम दिया है, लेकिन हमने कुछ युवा खिलाड़ियों को शामिल किया है जिन्होंने प्रशिक्षण में अच्छा प्रदर्शन किया है और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने का अवसर अर्जित किया है। गुरजोत अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करेंगे और मेरा मानना है कि यह उन युवाओं के लिए एक शानदार अवसर है जिन्हें चमकने का मौका मिला है।

एक टीम के रूप में, हम एशियाई महाद्वीप में अपना दबदबा बनाए रखना चाहते हैं और हम खिताब बरकरार रखने के लिए चीन जाएंगे। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 8 सितंबर को चीन के खिलाफ अपने पहले मैच से करेगी, उसके बाद 9 सितंबर को जापान के खिलाफ मैच खेलेगी। एक दिन के आराम के बाद, वे 11 सितंबर को मलेशिया से भिड़ेंगे और 12 सितंबर को कोरिया से खेलेंगे। एक दिन के ब्रेक के बाद, भारत 14 सितंबर को पाकिस्तान से भिड़ेगा।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम:-

गोलकीपर : कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा।

डिफेंडर : जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जुगराज सिंह, संजय, सुमित।

मिडफील्डर : राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, विवेक सागर प्रसाद (उपकप्तान), मनप्रीत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन।

फॉरवर्ड : अभिषेक, सुखजीत सिंह, अरिजीत सिंह हुंदल, उत्तम

फतेहाबाद की बॉक्सर सुखरीत आबूधाबी में दिखाएंगी दमखम

फतेहाबाद। द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब फतेहाबाद की महिला मुक्केबाज सुखरीत कौर 27 से 10 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात के आबूधाबी में आयोजित होने वाली सब जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। मंगलवार को क्लब के कोच प्रदीप कुमार और प्रवीन कुमार ने बताया कि अपने देश में शानदार प्रदर्शन करने के बाद सुखरीत कौर का इंटरनेशनल सब जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के लिए इंडिया की टीम में चयन हुआ है। गत दिवस सुखरीत दुबई के लिए रवाना हो गई हैं। वहां स्पेशल कोच की देखरेख में सुखरीत भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने मुक्केबाजी का जौहर दिखाएगी। सुखरीत की इस उपलब्धि पर द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के पदाधिकारियों में खुशी और गर्व का माहौल है। उन्होंने बताया कि अर्जुन अवॉर्डी ओलम्पियन जयभगवान व इंटरनेशनल कोच डॉ. राजीव गोदारा के नेतृत्व में संचालित द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब फतेहाबाद के खिलाड़ी आएदिन अनेक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं तथा अपने माता पिता व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए अबरार, कामरान पाकिस्तानी टीम में शामिल

रावलपिंडी। एजेंसी

बांग्लादेश के खिलाफ 30 अगस्त से 3 सितंबर तक रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट के लिए अबरार अहमद और कामरान गुलाम को पाकिस्तान क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। अपने असाधारण नियंत्रण और उपमहाद्वीप की पिचों पर टर्न हासिल करने की क्षमता के लिए जाने जाने वाले लेग स्पिनर अबरार से पाकिस्तान को अतिरिक्त स्पिन विकल्प मिलने की उम्मीद है। मध्यक्रम के बल्लेबाज कामरान बल्लेबाजी लाइनअप में गहराई और स्थिरता लाते हैं। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी भी पहले टेस्ट के समापन पर रिलीज किए जाने के बाद टीम में वापस आ गए हैं। पीसीबी ने कहा अबरार अहमद और कामरान गुलाम बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले पाकिस्तान टेस्ट टीम में शामिल हो गए हैं, जो 30 अगस्त से 3 सितंबर तक रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इन खिलाड़ियों के अलावा, आमिर जमाल को भी टीम में शामिल किया गया है, हालांकि दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी उनकी फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करेगी। होनहार प्रतिभा वाले उभरते ऑलराउंडर जमाल पहले टीम से बाहर किए जाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपनी फिटनेस पर काम कर रहे थे। स्पिनर शाकिब अल हसन और मेहदी हसन मिराज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में श्रृंखला के पहले मैच को दस विकेट से अपने नाम कर टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान पर अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया था।

बीबीएल और डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट के लिए 432 पुरुष, 161 महिला क्रिकेटरों ने किया नामांकन

नई दिल्ली। एजेंसी

तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर, लुंगी एन्गिडी और हरीफ रऊफ उन 432 पुरुष क्रिकेटरों में शामिल हैं, जिन्होंने 1 सितंबर को होने वाले बिग बैश लीग (बीबीएल) 2024-25 खिलाड़ी ड्राफ्ट के लिए खुद को नामांकित किया है। लीग के दूसरे ड्राफ्ट से पहले, 161 विदेशी महिलाओं ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2024 ओवरसीज ड्राफ्ट के लिए अपना नामांकन किया है, जिसमें भारत की 19 खिलाड़ी शामिल हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि जब आठ क्लब टीम चुनने के लिए बैठेंगे तो खिलाड़ियों की उपलब्धता एक प्रमुख निर्णायक कारक होगी। दोनों विदेशी ड्राफ्ट में, खिलाड़ियों को चार श्रेणियों- फाइनल सहित पूर्ण उपलब्धता, पूर्ण नियमित सत्र उपलब्धता, 6-9 गेम और 4-6 गेम, में से अपनी उपलब्धता चुनने के लिए कहा गया है।

आर्चर ने खुद को पूरे नियमित सत्र के लिए उपलब्ध कराया है, क्योंकि इंग्लैंड के पुरुषों को 23 जनवरी से भारत में शुरू होने वाली पांच-टी 20 सीरीज तक अपने व्हाइट-बॉल शेड्यूल को ओवरलैप नहीं करना पड़ेगा। जो बीबीएल लीग चरण की समाप्ति के दो दिन बाद है। जबकि इंग्लिश स्पीडस्टर अपने आठवें संस्करण के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलियाई लीग में अपनी संभावित वापसी के लिए तैयार हो सकते हैं।

गुकेश ने गिरी से ड्रा खेला, प्रज्ञानानंद ने कारुआना को बराबरी पर रोका

सेंट लुईस। एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश और आर. प्रज्ञानानंद ने ग्रैंड शतरंज टूर के तहत सिंकफील्ड कप में आठवीं बार ड्रा खेला। विश्व चैम्पियनशिप के चैलेंजर गुकेश ने हॉलैंड के अनीश गिरी के साथ मात्र 23 चालों में मैच ड्रा किया, प्रज्ञानानंद ने भी यही किया, स्थानीय पसंदीदा फैबियानो कारूआना के साथ 28 चालों में मैच ड्रा किया। आठवें राउंड में सभी गेम ड्रॉ पर समाप्त होने के साथ, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने एक राउंड शेष रहते हुए ग्रैंड शतरंज टूर जीत लिया, अपने सफल प्रदर्शन के बाद 100,000 अमेरिकी डॉलर के हकदार बन गए। आठवें राउंड में, फिरोजा ने सबसे लंबा गेम खेला जो रूसी इयान नेपोमनियाचची के खिलाफ 80 चालों के बाद शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हुआ। दस खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में दिन के दो अन्य खेलों में, उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने चीन के डिंग लिरेन के साथ अंक बांटे और फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव ने संयुक्त राज्य अमेरिका के वेस्ले सो के साथ ड्रॉ खेला।

अल-हिलाल ने मैनचेस्टर सिटी से जोआओ कैंसेलो को किया अनुबंधित

पेरिस। सऊदी प्रो लीग क्लब अल-हिलाल ने प्रीमियर लीग चैंपियन मैनचेस्टर सिटी से पुर्तगाली अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जोआओ कैंसेलो को तीन साल के सौदे पर अनुबंधित किया है। कैंसेलो 2019 की गर्मियों में जुवेंटस से सिटी में शामिल हुए और क्लब में अपने पहले दो सत्रों में से प्रत्येक में प्रीमियर लीग खिताब और काराबाओ कप जीता। जनवरी ट्रांसफर विंडो में लोन पर बायर्न म्यूनिख में जाने से पहले उन्होंने 2022/23 सीजन में 26 मैच भी खेले। 30 वर्षीय खिलाड़ी ने फिर पूरे 2023/24 अभियान को बार्सिलोना के साथ स्पेन में लोन पर बिताया। कुल मिलाकर, कैंसेलो ने सिटी के लिए 154 प्रदर्शन किए, पेप गार्डियोला की टीम के लिए नौ गोल किए।

क्रिकेट जगत ने जय शाह को आईसीसी चेयरमैन नियुक्त होने पर दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली। एजेंसी

भारतीय क्रिकेट जगत ने मंगलवार को नवनियुक्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह को शुभकामनाएं दीं। जय शाह को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अगले अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया है। शाह, जो अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई सचिव और जनवरी 2021 से एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं, 1 दिसंबर, 2024 को यह प्रतिष्ठित पद संभालेंगे। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने सोशल मीडिया पर जय शाह को उनकी नियुक्ति के बाद बधाई दी। पांड्या ने एक्स पर लिखा, आईसीसी के सबसे युवा अध्यक्ष चुने जाने पर जय शाह भाई को बधाई। आपको क्रिकेट को और भी ऊंचाइयों पर ले जाते हुए देखने का बेसब्री से इंतजार है। आपका विजन और ड्राइव आईसीसी की मदद करेगा, ठीक वैसे ही जैसे बीसीसीआई के साथ हुआ। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भी आईसीसी अध्यक्ष चुने जाने के बाद शाह को बधाई दी। शास्त्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा जय शाह को आईसीसी का निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई - सिर्फ. 35 साल की उम्र में अब तक के सबसे युवा अध्यक्ष, बीसीसीआई चलाने का उनका अनुभव निस्संदेह उनके लिए बहुत काम आएगा।

वाणिज्य

शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, लाल निशान में सेंसेक्स और निफ्टी

नई दिल्ली। एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में गिरावट आ गई। हालांकि पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे शेयर बाजार की स्थिति में सुधार होता हुआ नजर आने लगा। पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत और निफ्टी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एलटी माइंडट्री, इंडसइंड बैंक, बीपीसीएल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और विप्रो के शेयर 3.28 प्रतिशत से लेकर 0.80 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हीरो मोटोकॉर्प, ओएनजीसी, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजी और मारुति सुजुकी के शेर 1.05 प्रतिशत से लेकर 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,238 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,278 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 960 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 17 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

जन-धन योजना के 10 साल पूरे, देश में 53.13 करोड़ बैंक अकाउंट खुले

नई दिल्ली। एजेंसी

प्रधानमंत्री जन-धन योजना को 10 साल पूरे हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 अगस्त, 2014 को जन-धन योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत अबतक 53.13 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं, जिसमें 2.3 लाख करोड़ रुपये की धनराशि जमा है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में तीन करोड़ से अधिक और जन-धन खाता खोलने का लक्ष्य रखा है। वित्त मंत्रालय ने बयान जारी कहा कि 28 अगस्त, 2014 को शुरू की गई प्रधानमंत्री जन-धन योजना सफलतापूर्वक अपने क्रियान्वयन का एक दशक पूरा कर रही है। पीएमजेडीवाई दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल है, वित्त मंत्रालय अपने वित्तीय समावेशन हस्तक्षेपों के माध्यम से हाशिए पर पड़े और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को सहायता प्रदान करने का निरंतर प्रयास करता है। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने संदेश में कहा कि वित्तीय समावेशन और सशक्तिकरण को प्राप्त करने के लिए औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक सार्वभौमिक और किफायती पहुंच आवश्यक है। यह गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा में एकीकृत करता है और हाशिये पर पड़े समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सीतारमण ने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि 67 फीसदी खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं।

जन-धन योजना ने गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा में शामिल किया: सीतारमण

नई दिल्ली। एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेश पहल है। सीतारमण ने कहा कि ये योजना गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा में लाती है और हाशिए पर मौजूद समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

सीतारमण ने देश में वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन-प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के सफलतापूर्वक एक दशक (दस वर्ष) पूरा होने के अवसर पर जारी एक बयान में ये बात कही। उन्होंने कहा कि पीएमजेडीवाई की शुरूआत के बाद से अबतक 53.14 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा मिली है। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएमजेडीवाई लाभार्थियों के खातों में कुल जमा राशि 2,31,236 करोड़ रुपये है।

पीएमजेडीवाई खाते मार्च, 2015 में 15.67 करोड़ से 3.6 गुना बढ़कर 14 अगस्त, 2024 तक 53.14 करोड़ हो गए हैं। उन्होंने कहा कि करीब 55.6 फीसदी जन-धन खाताधारक महिलाएं हैं, जबकि करीब 66.6 फीसदी जन-धन खाते ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में हैं। वहीं, पीएमजेडीवाई खाताधारकों को 36.14 करोड़ रुपे कार्ड जारी किए गए हैं, जो 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर भी प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि इस योजना से जन-धन, मोबाइल एवं आधार को लिंक करते हुए सहमति आधारित पाइपलाइन वित्तीय समावेशन परिवेश का एक सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है जिसने सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभों को पात्र लाभार्थियों के खाते में त्वरित, निर्बाध एवं पारदर्शी तरीके से हस्तांतरित करने में सक्षम बनाया है और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया है। उन्होंने इस योजना के दस वर्ष पूरा होने की पूर्व संध्या पर कहा था कि सरकार की योजना चालू वित्त वर्ष में 3 करोड़ और अकाउंट खोलने की है।

आर.एस.आर.डी.सी बोर्ड बैठक

सभी टोल्स पर फास्टैग चालू करें, रेट बोर्ड लगायें: उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने टोल नीति में महत्वपूर्ण सुधारो को दी मंजूरी

टोल अवधि अब एक साल, अधिकतम 3 माह बढेगा कान्ट्रेक्ट

चमकता राजस्थान

जयपुर। उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को आर.एस.आर.डी.सी बोर्ड मिंटिग की अध्यक्षता करते हुये अधिकारीयों को प्रदेश के सभी टोल बूथों पर टोल कलेक्शन फास्टैग से करवाने तथा सभी स्थानों पर रेट बोर्ड लगवाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि टोल बूथों पर फास्टैग लागू होने से आमजन को राहत मिलेगी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को आर.एस.आर.डी. सी बोर्ड मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए टोल निति में सुधार के महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि टोल नियमों में किये गये इन महत्वपूर्ण परिवर्तनों से टोल संवेदको में प्रतिस्पर्धा बढेगी तथा टोल टैक्स एकत्रण की प्रक्रिया नियमित एवं सुचारू होने से राजस्व में वृद्धि होगी।

● मैन पावर कान्ट्रेक्ट का प्रावधान

किसी कारण टोल का रेगुलर कान्ट्रेक्ट नही होने पर मैन पावर ऐजेन्सी के द्वारा टोल टैक्स एकत्र करने का आर.एफ.क्यू कम आर.एफ.पी तैयार किया गया है। जिन सडकों पर निविदाएं सफल नही हो रही है अथवा टोल वसूली कार्य एक्सटेंशन पर चल रहे हैं उन पर यह प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से लागू कर फास्टैग के आधार पर टोल टैक्स एकत्र करने का कार्य सुचारू किया जायेगा। रिडकोर विभाग में 50 प्रतिषत से अधिक टोल प्लाजा पर मैन पावर कान्ट्रेक्ट के द्वारा टोल एकत्र किया जा रहा है। उसी के अनुरूप दस्तावेज तैयार किया गया है।

● स्टेट हाईवे पर वे-साईड सुविधाएं विकसित करें-

उपमुख्यमंत्री ने बोर्ड मिटिंग में निर्देश दिये की प्रदेश के स्टेट हाईवे महत्वपूर्ण स्थानों को कनेक्टीविटी प्रदान करते है और इन पर लाखो लोग गुजरते है। इनकी सुविधा के लिये इन स्टेट हाईवेज पर वे-साईड सुविधाएं जैसे रेस्टोरेन्ट, सुविधाऐं आदि विकसित करने का तत्काल परिक्षण किया जाए।

● फास्टैग कमाण्ड सेंटर का किया निरीक्षण-

उपमुख्यमंत्री ने आरएसआरडीसी भवन में स्थापित फास्टैग कमाण्ड सेंटर का निरीक्षण किया। इस सेन्टर के माध्यम से प्रदेश के सभी फास्टैग आधारित संचालित टोल प्लाजाओं की लाईव मोनिटरिंग की जा सकती है। इन सभी टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कमाण्ड सेंटर में लगी स्क्रीन्स पर टोल्स का लाईव व्यू उपलब्ध होता है।

कमाण्ड सेंटर में लगे डैशबोर्ड पर ये देखा जा सकता है कि किस प्रकार के ओर कितने वाहन टोल से गुजर रहे है। वहा एकत्र होने वाले रेवेन्यू को रियल टाईम वॉच किया जा सकता है।

उपमुख्यमंत्री ने इसकी सराहना करते हुये कहा की इससे सिस्टम में पारदर्शिता आयेगी। टोल कर्मियों के नागरिको के साथ व्यवहार पर भी इसके माध्यम से नजर रखी जा सकती है तथा आवशयकता पडने पर टैफिक मेनेजमेंट में भी उपयोग किया जा सकता है। उन्होने सभी टोलो पर फास्टैग तत्काल चालू करके फास्टैग कमाण्ड सेंटर से जोडने के निर्देश दिये।

बैठक में प्रमुख शासन सचिव सा.नि.वि प्रवीण गुप्ता, शासन सचिव आयोजना नवीन जैन, परिवहन आयुक्त मनीषा अरोडा, शासन सचिव सानिवि डी आर मेघवाल तथा प्रबन्ध निदेशक आरएसआरडीसी सुनील जय सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

बोर्ड मिटिंग के महत्वपूर्ण निर्णय

» वर्तमान में लागू टोल पालिसी के कुछ बिन्दओं को समय की आवष्यकता के अनुरूप संशोधित किया गया है। वर्तमान में लागू संवेदक का रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया समाप्त कर दी गई जिससे अधिक संख्या में संवेदक निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेगें। टोल की कान्ट्रेक्ट की अवधि 2 वर्ष से घटाकर 1 वर्ष कर दी गयी है। जिसे अधिकतम 3 माह बढ़ाया जा सकेगा। नियमों की पालना नही करने पर रू 1 लाख प्रति त्रुटि की पेनेल्टी का प्रावधान रखा गया है। यह दस्तावेज एन.एच.आई के नियमों के अनुरूप तैयार किया गया है। टोल रोड पर टोल टैक्स एकत्र करने हेतु नयी आर.एफ.क्यू कम आर.एफ.पी दस्तावेज तैयार किये गये हैं। इसके तहत संवेदक की नेट वर्थ निविदा लागत की 20 प्रतिशत होना आवशयक है।

संक्षिप्त समाचार

समाजसेवी जगदीश मीणा ने मिश्री देवी मीणा की पुण्यतिथि कार्यक्रम में भाग लेकर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)। सामाजिक उत्थान के कार्यों में युवा वर्ग आगे आए जगदीश मीणा राष्ट्रीय अध्यक्ष न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ ग्रामीण कोटपूतली तहसील के अजीतपुरा ग्राम में मिश्री देवी मीणा की पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं भामाशाह जगदीश मीणा महेंद्र मीणा प्रताप मीणा के द्वारा किए गए विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि जगदीश मीणा पूर्व जिला पार्षद ने यह बात कही कार्यक्रम में सुभाष यादव मनोज यादव महेश यादव जिला पार्षद नरेंद्र यादव पुष्कर शर्मा विशिष्ट अतिथि थे कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच नेतराम चौधरी ने की कार्यक्रम में सभी अतिथियों का राजस्थानी परंपरा से साफा माला पहनकर अभिनंदन किया गया सभी अतिथियों ने एवं परिजनों एवं गांव के लोगों ने पुण्य आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित की

रामबाबू देशवाल बने स्कूल शिक्षा परिवार के अध्यक्ष

चमकता राजस्थान। नदबई, (राजवीर सिंह)। कस्बा स्थित निजी विद्यालय में बुधवार को स्कूल शिक्षा परिवार कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से रामबाबू देशवाल को स्कूल शिक्षा परिवार संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बाद में निर्वाचन प्रभारी गोकुल शर्मा, हरीश कटारा व मोहन चौधरी की मौजूदगी में कार्यकारिणी सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इस

दौरान गजराज सिंह फौजदार, ओमप्रकाश शर्मा, विजय सिंह, महेन्द्र चौधरी, पुष्पेन्द्र चौधरी, लेखराज सिंह,राजेश खेडी, कुलदीप सिंह मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री गुरुवार को करेंगे दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ

'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड' की थीम पर दो दिन में होंगे दर्जनभर सेशंस

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 28 अगस्त। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा राजधानी में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में गुरुवार को दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस,'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड' का शुभारम्भ करेंगे।पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया कि जयपुर में इस साल की शुरूआत में जनवरी माह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय स्तर की डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस में लिए गए निर्णय के क्रम में इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उद्घाटन सत्र में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत और अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) आनंद कुमार सहित राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। साहू ने बताया कि एडीजी कांफ्रेंस में दो दिन की अवधि में राज्य में बेहतर पुलिसिंग पर केन्द्रित मुद्दों पर राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और विषय विशेषज्ञ दर्जन भर सेशंस में अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। गुरुवार और शुक्रवार को 6-6 विषयों पर एडीजी और आईजी रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों के ग्रुप द्वारा प्रजेंटेशंस

दिए जाऐंगे। इन सेशंस से विषय विशेषज्ञ भी जुड़कर सम्बंधित सब्जेक्ट पर अपना महत्वपूर्ण इनपुट देंगे। वहीं अलग-अलग विषयों पर एडीजी, रेंज आईजी एवं डीआईजी के अलावा चयनित एसपी, एडिशनल एसपी, डीएसपी और निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी 'ब्रेन स्टॉर्मिंग' करेंगे, इनमें क्वेश्चन-आंसर का दौर भी होगा। कॉन्फ्रेंस की आर्गेनाइजेशन कमेटी की चेयरपर्सन और एडीजी (ट्रेनिंग) मालिनी अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को होने वाले सत्रों में पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू की अध्यक्षता में न्यू क्रिमिनल लॉज पर विशेष सेशन होगा, इसमें जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के नेतृत्व में अधिकारियों के समूह द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। डीजीपी-आईजी कॉफ्रेंस-2023 की अनुशंषाओं पर संजय कुमार अग्रवाल, डीजी (इन्टेलिजेन्स) द्वारा प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल्स, चैट जीपीटी, डीप फेक और इन्टरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) पर डीजी साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी की अध्यक्षता में होने वाले सत्र में आईजी साइबर क्राइम शरत कविराज के साथ पुलिस अधिकारियों का ग्रुप प्रजेंटेशन देगा। डिजिटल फॉरेन्सिक्स के बारे में एडीजी (पुनर्गठन) डॉ. प्रशाखा माथुर तथा मादक पदार्थों की स्मगलिंग और इनके उपभोग की रोकथाम के बारे में एडीजी (रेलवेज) अनिल पालीवाल के साथ पुलिस अधिकारियों की टीम अपना प्रस्तुतीकरण देंगी।कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन शुक्रवार को भी छः विशेष सेशंस का आयोजन होगा। इनमें साइबर सिक्योरिटी, डार्क वेब, साइबर क्राइम इंवेस्टिगेशन एवं क्रिप्टो करेंसी के विषयों पर एडीजी (टी एंड टी) बिपिन कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस ऑफिसर्स का प्रजेंटेशन होगा। इस सत्र की अध्यक्षता एसीबी के डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा करेंगे। 'इमर्जिंग ट्रेंड्स ऑफ क्राइम इन राजस्थानः इवोलविंग ए यूनिफाइड स्ट्रेटेजी टू कॉम्बेट इंटर एंड इंट्रा स्टेट गैंग्स' पर एडीजी क्राइम दिनेश एमएन की अगुआई में पुलिस ऑफिसर्स का ग्रुप प्रजेंटेशन देगा। सत्र के मॉडरेटर एडीजी आर्म्ड बटालियन आनंद श्रीवास्तव होंगे। 'कॉपिंग विद चैलेंजेस ऑफ चीटिंग इन कॉम्पीटीटिव एक्जामिनेशनः नीड फोर मल्टी डाइमेंशनल अप्रोच' सेशन में एटीएस एवं एसओजी के एडीजी श्री वीके सिंह के नेतृत्व में पुलिस ऑफिसर्स अपना प्रस्तुतीकरण देंगे।शुक्रवार को ही क्राइम अगेंस्ट वूमन, चिल्ड्रन एंड अदर वीकर सैक्शन पर चौथे सेशन का प्रजेंटेशन एडीजी (सिविल राइट्स) भूपेन्द्र साहू, रोड सेफ्टी और ट्रैफिक मैनजमेंट पर एडीजी (ट्रैफिक) हवा सिंह घूमरिया तथा इंटरनल सिक्योरिटी आईजी राजेश मीना की अगुआई में पुलिस अधिकारी अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। इन सत्रों को क्रमशः एडीजी (हाऊसिंग) बिनीता ठाकुर, एडीजी (रिक्रूटमेंट एवं प्रमोशन बोर्ड) सचिन मित्तल तथा डीजी (इंटेलिजेंस) संजय अग्रवाल चेयर करेंगे।

डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा के निर्देशन में एसीबी ने विधिसम्मत कार्रवाई कर कसा भ्रष्टाचारी पर कानूनी शिकंजा

● **कुचामन-डीडवाना में रीको का संविदाकर्मी / निजी सहायक कर्मचारी 92 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

चमकता राजस्थान। जयपुर,(खलील कुरैशी) 28 अगस्त, बुधवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की झुंझुनूं इकाई द्वारा आज कुचामन-डीडवाना में कार्यवाही करते हुये विजय सिंह निजी संविदाकर्मी / सहायक कर्मचारी, कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको उप इकाई मकराना (बिदियाद) जिला कुचामन-डीडवाना को परिवादी से 92 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए. सी.बी. की झुंझुनूं इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी फर्म की पी.एम.टी. करने की एवज में आरोपी विजय सिंह

संविदाकर्मी / निजी सहायक कर्मचारी, कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको उप इकाई मकराना (बिदियाद) जिला कुचामन-डीडवाना द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक के नाम पर 1 लाख रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी की झुंझुनूं इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ईस्माईल खान के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी विजय सिंहसंविदाकर्मी / निजी सहायक कर्मचारी, कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको उप इकाई मकराना (बिदियाद) जिला कुचामन-डीडवाना को परिवादी से 92 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामले में क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको उप इकाई मकराना (बिदियाद) जिला कुचामन-डीडवाना की भूमिका की जाँच की जा रही है।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हैं३रंस्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

बारह बीघा सरकारी भूमि पर अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

जेडीए ने मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन दिया महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम

भू-माफियाओं के चंगुल से मुक्त करवायी गयी बेशकीमती सरकारी भूमि

चमकता राजस्थान।

जयपुर,!(खलील कुरैशी) 28 अगस्त। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में ग्राम सरना डूंगर में जेडीए स्वामित्व की करीब 12 बीघा बेशकीमती सरकारीभूमिकोकब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सरना डूंगर जिला जयपुर में खसरा नम्बर-165 जेडीए स्वामित्व की करीब 12 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बाउण्ड्रीवाल, टीनशेडनुमा गोदाम, वेयरहाऊस, कमरे, दीवारें, लेथबॉथ, फैक्ट्री,

तारबंदी कर, ईट पत्थर, पट्टियां इत्यादि लगाकर अवैध कब्जें-अतिक्रमण किये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर उपायुक्त जोन कार्यालय से अतिक्रमण प्रोफार्मा रिपोर्ट प्राप्त कर पूर्व में नोटिस जारी किये जाकर अतिक्रमणकताओं को अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था, परन्तु अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जविप्रा स्वामित्व की सरकारी भूमि-पार्क पर अवैध कब्जे-अतिक्रमण करने के संबंध में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही बाबत उक्त सरकारी भूमि को संरक्षित व सदुपयोंग करने के संबंध में उपायुक्त जोन-12 को पत्र लिखा गया है।उक्त कार्यवाहियां उप नियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-12, 13 तथा स्थानीय पुलिस थाना का जाप्ता व प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929